CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33⁰ C
न्यूनतम : 14⁰ C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 19 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 61 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 33 हजार करोड़ की लागत से बनेंगे 100 इंडस्ट्रियल पार्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'भव्य' (भारत औद्योगिक विकास योजना) को मंजूरी दी है।

33,660 करोड़ रुपये लागत वाली इस योजना के तहत देशभर में 100 इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के तहत बनने वाले इंडस्ट्रियल पार्क में उद्योगों के लिए जमीन, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का मानना है कि इस योजना से देश में निवेश बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर करीब 6,969 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 2,585 करोड़ रुपये की स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट स्कीम को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत 1,500 मेगावाट क्षमता की छोटी जल विद्युत परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। यह योजना अगले पांच सालों में 2030-31 तक लागू की जाएगी। इसके तहत परियोजनाएं रन-ऑफ-द-रिवर मॉडल पर विकसित होंगी, जिससे बड़े बांध बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और लोगों के विस्थापन से बचा जा सकेगा। सरकार के अनुसार देश में 7,133 स्थानों पर छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की संभावना है, जिनकी कुल क्षमता करीब 21,000 मेगावाट है। फिलहाल 1,196 स्थानों पर 5,100 मेगावाट क्षमता के प्रोजेक्ट संचालित हो रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि इस योजना से करीब 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार ने कपास किसानों को राहत देने के लिए सीसीआई को 1,718.56 करोड़ रुपये की फंडिंग मंजूर की है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने लिया। यह राशि कपास की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए दी जाएगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। सीसीआई को कपास खरीद के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। जब बाजार में कीमत एमएसपी से नीचे जाती है, तब सीसीआई किसानों से फेयर एवरेज क्वालिटी कपास बिना किसी मात्रा सीमा के खरीदती है।

## ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी का दखल अच्छी स्थिति नहीं

**आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प. बंगाल से कहा कि ईडी की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दखल देना अच्छी स्थिति नहीं है। आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी की। बार एंड बेंच के अनुसार, जस्टिस पंकज मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा आने पर उसे बिना किसी उपाय के नहीं छोड़ा जा सकता। बेंच की यह टिप्पणी उस समय आई, जब पश्चिम बंगाल की ओर से यह दलील दी गई कि कोई केंद्रीय एजेंसी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकती। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से वकील श्याम दीवान पेश हुए। उन्होंने कहा कि ईडी कोई अलग कानूनी इकाई नहीं है, यह केवल सरकार का एक विभाग है। इसकी अपनी कोई अलग पहचान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई मौलिक अधिकार लागू ही नहीं होता, तो अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर नहीं की जा सकती। वकील दीवान ने दलील दी कि अगर ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों को अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई, तो यह संघीय ढांचे के लिए खतरनाक उदाहरण बन सकता है।











सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

**आवश्यकता है।** कॉलेज को निम्नलिखित स्टाफ की।
N.C.I.S.M. से कोड आवंरित होना अनिवार्य है।

1. प्रोफेसर कुलयात विषय
2. प्रोफेसर तशरीह उलवदन विषय
3. प्रोफेसर इलमुल अतफाल विषय
4. प्रोफेसर ताहफिज़ी समाज, वा-तिब (M.D)
5. B.N.Y.S
6. लेक्चरार M.Sc बायो इस्टेटिक्स मैडिकल


अल्लामा इकबाल यूनानी मैडिकल कॉलिज
एण्ड ए०सी०एन० हॉस्पिटल, रुड़की रोड - मुजफ्फरनगर

प्रोफेसर मुश्ताक हुसैन, प्राचार्य
तस्लीमुलहक, प्रबन्ध निदेशक 9837132196









## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में वृहद रोजगार मेला-2026 का शुभारंभ

**लखनऊ।** उप्र में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को 'वृहद रोजगार मेला-2026' का उद्घाटन किया। इस रोजगार मेले के माध्यम से हजारों युवाओं को नौकरी के अवसर मिलने की उम्मीद है। मेले में 15,000 से अधिक रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें करीब 2,500 युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना जताई जा रही है। डिजिटल पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था लागू की गई, जिससे प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाया गया। इस दौरान अग्रवाल ने कौशल विकास को आधुनिक बनाने के लिए तीन डिजिटल प्लेटफॉर्म 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' लॉन्च किया। उन्होंने युवाओं को कौशल, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

### पटेल ने दी हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती पटेल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि नव संवत्सर हर हृदय में नई उमंग, विश्वास और संकल्प का संचार करे। यह पर्व हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत बनाते हुए समाज में एकता, सद्भाव और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करे। सभी लोग इस नव वर्ष का स्वागत नए सपनों, सकारात्मक ऊर्जा और लोककल्याण के संकल्पों के साथ करें, ताकि समाज और राष्ट्र निरंतर उन्नति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

### विपक्ष ने लोकसभा में केन्द्र सरकार से उठाई मांग

# एमएसपी को सख्ती से लागू करे सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ किसानों ने इसके लिए लम्बी लड़ाई लड़ी और पीएम मोदी ने किया था वादा: अमरिंदर सिंह

लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तत्काल देने की मांग करते हुए कहा है कि खुद सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उसे एमएसपी गारंटी के प्रावधान को लागू कर सख्ती से इसका पालन करना चाहिए।

लोकसभा में कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारंग ने बुधवार को केंद्रीय बजट (दूसरा प्रक्रम) वर्ष 2025-26 के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए छोटे किसानों के कर्ज माफ करने और किसानों लिए एमएसपी की गारंटी देने की मांग की। उनका कहना था कि किसानों ने इसके लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और खुद मोदी सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उन्हें एमएसपी गारंटी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों ने एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली की सीमा पर डेढ़ साल तक अभूतपूर्व आंदोलन किया था, जिसमें वह खुद भी शामिल हुए थे, लेकिन सरकार ने डेढ़ साल तक किसानों की समस्या को नहीं सुना था। इस आंदोलन में शामिल होकर उन्होंने देखा था कि किसान धूप, वर्षा, जाड़े में बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करते रहे। इस आंदोलन में 750 किसान शहीद हुए थे और तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि तथा किसानों से संबंधित तीनों कानून वापस लेने की घोषणा की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार के बीच विवाद हो सकता है और राजनीति हो रही है, लेकिन इस विवाद के कारण पंजाब के किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से पंजाब के किसानों को उनका हक देने की मांग की। उन्होंने लुधियाना कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान देने की मांग की ताकि वहां कृषि संबंधी अनुसंधान बिना बाधा के हो सके। भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार से किसानों को पूरी मदद दी जा रही है और उनके राज्य तेलंगाना में किसान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण चावल उत्पादन क्षेत्र में संपन्न हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना को केंद्र से पर्याप्त मदद दी जा रही है और किसानों को सबसे अच्छी तरह से सब्सिडी दी जा रही है।

#### किसानों को मिल रहा है बेहतर लाभ: भाजपा

भाजपा नेता ने कहा कि किसानों से संबंधित मामलों का परिचालन और संचालन बेहतर हो रहा है और इसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। उनका कहना था कि वह 16वीं लोकसभा के भी सदस्य रहे हैं और उन्होंने देखा है कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों के हित के लिए जो योजनाएं लेकर आए उससे किसानों में उत्साह बढ़ा है और उसी का फायदा आज किसानों को मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को जो सुविधा सरकार की तरफ से दी गई है उसकी वजह से किसानों की क्रय क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है और यह उनकी आय बढ़ने के कारण ही संभव हुआ है। समाजवादी पार्टी के नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि किसानों की आय ही बढ़ाई जानी चाहिए बल्कि उन्हें न्याय भी मिलना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के आलू किसानों का मुद्दा उठाया और कहा कि किसान का आलू पांच से छह रुपये में बिक रहा है, जबकि बाजार में किसान का वही आलू 30 रुपये किलो बिक रहा है।

# विकास की नई गाथा लिख रहा उत्तर प्रदेश: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ नवनिर्माण के नौ वर्ष: 'डबल इंजन' से बदली उप्र की पहचान

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार के नौ वर्ष की अवधि को नवनिर्माण का शासनकाल बताया है और कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की पहचान बदलने का काम किया है और अब राज्य विकास की नई गाथ लिख रहा है।

योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की सीमाओं पर बनाए गए नौ स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया और 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह सेवाभाव और सुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक समय उप्र पहचान के संकट से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था और नौकरियों में पारदर्शिता का अभाव था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में लगभग 2 लाख युवाओं को पुलिस भर्ती के माध्यम से रोजगार दिया गया है। कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भय का वातावरण समाप्त हो चुका है और नवरात्र तथा रमजान जैसे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौ शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नौ लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट्स से उप्र देश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है।

2017 से पहले जहां सीमित उद्योग थे, वहीं अब 30 हजार से अधिक बड़े उद्योग स्थापित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने नोएडा को लेकर फैले मिथकों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि अब यह क्षेत्र विकास की नई पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बेहतर हुई है और जेवर एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स से उप्र को वैश्विक पहचान मिलेगी।

# भाजपा का अमेरिकी रिपोर्ट को लेकर राहुल पर हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ देश की संप्रभुता से जुड़ा मुद्दा बताया

भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिकी संस्था यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रीलिजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) को लेकर कांग्रेस पार्टी और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए इसे भारत की संप्रभुता और देश के हर नागरिक की अस्मिता से जुड़ा मुद्दा बताया है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बुधवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को लेकर गांधी जिस तरह प्रतिक्रिया दे रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी रिपोर्ट को पूरी तरह पढ़े बिना ही भारत विरोधी ताकतों का साथ दे रहे हैं। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर इस रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि गांधी किस आधार पर इस रिपोर्ट का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या उन्होंने इस रिपोर्ट को ध्यान से पढ़ा भी है। भाटिया ने कहा कि इस अमेरिकी रिपोर्ट में भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनलिसिस विग (रॉ) पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# यूपी में कब तक कराएंगे पंचायत चुनाव?

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी चुनाव आयोग से पूछा सवाल

**प्रयागराज, वार्ता**



■ मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को दो बजे होगी, समय रिकॉर्ड प्रस्तुत करने को कहा

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्राम पंचायत चुनाव 2026 को लेकर राज्य चुनाव आयोग से तैयारी की जानकारी मांगी है। याचिकाकर्ता इम्तियाज हुसैन की तरफ से दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यह सुनवाई की है।कोर्ट इस मामले में 25 मार्च को दोपहर दो बजे अगली सुनवाई करेगी। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डिविजन बेंच ने दागा सवाल।

कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या 19 फरवरी 2026 की मौजूदा अधिसूचना के आलोक में वो चुनाव संपन्न कराने की स्थिति में है। कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है कि इस मामले के तथ्यों के अनुसार चुनाव 26 मई 2026 को या उससे पहले ही संपन्न हो जाने चाहिए थे। याची ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए यह निर्देश देने कि मांग कि थी कि प्रतिवादी जिला पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने से काफी पहले संपूर्ण पंचायत चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक विस्तृत और समयबद्ध कार्यक्रम रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करें। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या वो तय संवैधानिक समय सीमा के अंदर चुनाव प्रक्रिया पूरी कर पाएगा? याचिकाकर्ता ने कोर्ट में दलील दी कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 ई के प्रावधान के अनुसार पंचायत की अवधि उसकी पहली बैठक के लिए निर्धारित तिथि से 5 वर्ष तक जारी रहेगी और इससे अधिक नहीं। राज्य चुनाव आयोग के वकील ने यह दलील दी कि यूपी पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 12-बीबी के प्रावधानों के अनुसार यह राज्य सरकार का दायित्व है कि वह राज्य चुनाव आयोग के परामर्श से प्रधान के आम चुनाव या उपचुनाव की तारीख तय करने वाली अधिसूचना जारी करे।

### केंद्रीय प्रेक्षक अपने-अपने विस क्षेत्रों में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि असम, केरल, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों और कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत छह राज्यों की आठ सीटों पर होने वाले उपचुनावों के लिए नियुक्त किए गए ज्यादातर केंद्रीय प्रेक्षक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। चुनाव आयोग ने अलग-अलग राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के लिए 1,111 प्रेक्षक तैनात किए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 76704.13
निफ्टी 23777.80



सोना 155000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 250000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 633 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**

आईटी और ऑटो सेक्टरों में जबरदस्त तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का संसेक्स 633.29 अंक (0.83 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का एक सप्ताह का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर अधिक रहा।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.67 प्रतिशत उछल गया। आईटी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलटी और मीडिया समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी देखी गई। बैंकिंग, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक भी बढ़त में रहे। सिर्फ एफएमसीजी और धातु समूहों में हल्की गिरावट रही। संसेक्स की कंपनियों में इटरनल और टेक महिंद्रा के शेयर सवा तीन प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इंफोसिस,



महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और टीसीएस के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत तक तेजी रही। एक्सिस बैंक, एलएंडटी, भारती एयरटेल, इंडिगो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में एक से दो प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे। एनटीपीसी और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक फीसदी से ज्यादा टूट गए। सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी गिरावट रही।

### चांदी तीन दिन में 18,138 सस्ती, सोना 4,778 रुपये गिरा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक एक किलो चांदी की कीमत 2,177 रुपए घटकर 2.50 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 143 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 17 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना तीन दिन में 4,778 और चांदी 18,138 सस्ती हुई है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। मौजूदा स्थिति में अपने उच्चतम स्तर से सोना अब तक 20,596 सस्ता हो चुका है। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच पिछले 19 दिन में ही दाम 3,572 गिर गए हैं। चांदी में सोने के मुकाबले कहीं ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑल टाइम हाई से बहुत तेजी से नीचे आई है। हालिया गिरावट में पिछले 19 दिन में जंग के माहौल के कारण चांदी के दाम 16,537 कम हुए हैं। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं।

# उप्र में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना को अमल में लानू की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले हफ्ते मंत्रिमंडल की ओर से 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' को मंजूरी दिए जाने के बाद राज्य सड़क परिवहन निगम ने ग्रामीण इलाकों में बस कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक निगम इस महीने के आखिर तक इस योजना का प्रचार-प्रसार पूरा कर लेगा और बसों को चलाने के लिए निजी ऑपरेटरों से आवेदन मांगेगा।

आवेदनों की छंटनी का काम अप्रैल के मध्य तक पूरा हो सकता है। इस योजना का मकसद हर जलिा मुख्यालय से जलिे के गांवों तक कम से कम दो बसें चलाना है। एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत जिला मुख्यालय से चलने वाली बसों की अधिकतम संख्या पर कोई रोक नहीं है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि ये बसें आकार में छोटी होंगी। इनकी अधिकतम लंबाई सात मीटर और बैठने की क्षमता 28 यात्रियों की होगी। ये बसें रात में गांवों में ही रुकेंगी, जबकि सुबह प्रखंड और तहसील होते हुए 10 बजे तक जलिा मुख्यालय पहुंच जाएंगी। किराया स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली एक समिति तय करेगी। दरअसल, प्रदेश के हजारों गांवों में जल्द ही सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसें चलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अप्रैल में चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, ताकि मई से ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन शुरू कराया जा सके। विभागीय सूत्रों के अनुसार उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं कि इस योजना और सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में गंभीरता से काम किया जाए और प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। योजना के माध्यम से प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सुविधा से जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...** मानते हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ये हमले राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी की हत्या के प्रतिशोध में किए गए हैं, जिन्हें कथित तौर पर मंगलवार को इजरायली हमले में मार दिया गया था। उधर, बुधवार तड़के ईरान के विभिन्न हिस्सों में भी विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फारस की खाड़ी के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में नौसैनिक और बंदरगाह सुविधाओं के पास कई धमाके हुए। सुबह लगभग 8:00 बजे नौसेना क्षेत्र और शाहिद बहोनर बंदरगाह के पास विस्फोट सुने गए। इसके बाद 8:15 बजे जहानबर क्षेत्र में तथा 8:40 बजे शाहिद राजाई बंदरगाह के तेल टर्मिनल और नियंत्रण टॉवर के पास भी धमाकों की सूचना मिली। दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत के प्रमुख शहर अहवाज में सुबह करीब 9:30 बजे जैतून करमांदी इलाके में जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे आसपास के इलाकों में खिड़कियां टूटने की खबर है। कर्मानशाह प्रांत के सोंगहोर कस्बे में सुबह करीब 5:00 बजे विस्फोट की सूचना मिली, जबकि फॉर्स प्रांत के काजेरून के पास लगभग 6:55 बजे धमाका सुना गया। तेहरान के पश्चिम में मालार्ड क्षेत्र में सुबह 6:50 से 7:10 बजे के बीच कई विस्फोट हुए, जबकि पास के अलबोर्ज प्रांत के फर्दीस क्षेत्र में भी लगभग 7:11 बजे कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। वहीं ईरान के बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर किए गए हमले में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के किसी भी कर्मी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने पुष्टि की कि यह हमला 18 मार्च की सुबह हुआ, जिसमें बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया, जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है। हमले से बेस के ऑस्ट्रेलियाई हिस्से में बुनियादी ढांचे को मामूली नुकसान पहुंचा, जिसमें एक आवासीय ब्लॉक और एक चिकित्सा सुविधा शामिल है।

**राज्यों को...**(एसपीआर) की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक देश के पास कुछ हफ्तों का तेल स्टॉक मौजूद है, जिससे फिलहाल संकट की संभावना कम है। दरअसल होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से दुनियाभर में तेल सप्लाई पर असर पड़ा है। हालांकि युद्ध के माहौल में भारत के तीन जहाज शिवालिक, नंदा देवी और जग लाडकी तेल-गैस लेकर गुजरात के पोर्ट्स पर पहुंचे हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि बुधवार को 93 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हुई है। सरकार ने लोगों से कहा है कि एजेंसी पर जाने से बचें और सिर्फ आधिकारिक एप या वेबसाइट से ही बुकिंग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार सख्ती कर रही है। इसी के तहत मंगलवार को देशभर में 2300 से ज्यादा एलपीजी दुकानों पर अचानक जांच की गई। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि जहां पीएनजी सुविधा है, वहां एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाएं, इससे सप्लाई का दबाव कम होगा और यह ज्यादा सुरक्षित भी है। उन्होंने बताया कि एलपीजी कैरिअर नंदादेवी और शिवालिक से एलपीजी डिस्चार्ज चल रहा है। किसी भी पोर्ट पर कोई कंजेक्शन नहीं है। मंत्रालय पूरे हालात की निगरानी कर रही है।

**दिल्ली में...**

मणिपाल अस्पताल और एक महिला का शव आईजीआई अस्पताल लाया गया था। घायलों में दो का इलाज आईजीआई अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन नाबालिग लड़कियां (15, 6 और 3 साल) शामिल हैं। अनिल (32) और 2 साल की एक बच्ची आईजीआई अस्पताल में भर्ती हैं। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सचिन (29) लगभग 25 फीसदी झुलस चुके हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एसके दुआ ने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। जब हमारी पहली टीम मौके पर पहुंची, तो नीचे आग की लपटें और ऊपर घना धुआं था। हमारे पहुंचने से पहले दो लोग इमारत से कूद गए थे, जिन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हैं। आग पर अब पूरी तरह काबू पा लिया गया है, हालांकि कूलिंग ऑपरेशन जारी है। इसके बाद बिल्डिंग में एक बार फिर सर्च और रेस्क्यू किया जाएगा। पालम आग हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे।

**आंधी और बारिश...** देखने को मिलेगा। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर व आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे वाली झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात के आसार हैं।

# हर घर नल से जल को नई रफ्तार, यूपी- केंद्र में एमओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जल जीवन मिशन 2-0 पर समझौता

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को सुदृढ़ करने की दिशा में उप्र ने एक और अहम कदम बढ़ाया है। जल जीवन मिशन 2-0 के तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता मील का पत्थर साबित होगा। इससे पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में गति, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों को मिलेगा। उन्होंने केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय को इस पहल की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का संकल्प अब तेजी से साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल व्यवस्था में आए व्यापक बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले जहां सीमित गांवों तक ही पाइप पेयजल की सुविधा थी। वहीं अब हजारों गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो रही है। पूर्वी उप्र में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों पर नियंत्रण में स्वच्छ जल और बेहतर स्वच्छता की अहम भूमिका रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का फोकस केवल कनेक्शन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में बड़ी संख्या में गांवों में जलापूर्ति के साथ अनुरक्षण व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब योजना को उन सभी गांवों तक विस्तारित किया गया है, जहां अभी तक पाइप पेयजल की सुविधा नहीं पहुंची थी।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33° C
न्यूनतम : 14° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 19 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 61 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवनिर्माण के नौ वर्षः 'डबल इंजन' से बदली उप्र की पहचानः योगी पेज 2



मेहंदी हसन मिराज ने वनडे और मिचेल सेंटनर ने टी-20 रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग खेल टाइम्स



अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव सम्पादकीय



कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी पेज 12

# ईरान ने इजरायल पर तेज किए जवाबी हमले, तेल अवीव में भारी नुकसान

**तेहरान/तेल अवीव/कैनबरा।** ईरान ने बुधवार को इजरायल पर ताजा हमले करते हुए अपने शीर्ष नेताओं की हत्या का बदला लेने की घोषणा की है। तड़के तेल अवीव और यरुशलम में प्रत्यक्षदर्शियों ने आकाश में चमक देखे जाने की सूचना दी, जिनमें तेल अवीव के ऊपर क्लस्टर म्युनिशन मिसाइल जैसा दृश्य भी शामिल था।

तेल अवीव के कई इलाकों में गिरते मलबे से भारी नुकसान हुआ, जिसके बाद बम निरोधक दस्तों और आपातकालीन सेवाओं को तैनात किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य इजरायल में मिसाइल के छर्रों से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तेल अवीव के उत्तर में स्थित ब्नेई ब्राक शहर में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ। आपातकालीन सेवाओं के हवाले से यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई है। ईरानी सेना ने कहा कि उसने इजरायल के खिलाफ तीव्र हमले किए हैं। एक कमांडर ने इस कार्रवाई को तेज रफ्तार हमला बताया। ईरान की अर्द्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी ने ऐसे वीडियो प्रसारित किए, जिनमें तेल अवीव की ओर दागी गई मिसाइलें दिखाई गईं। इनमें खोर्रमशहर-4 मिसाइल भी शामिल बताई गई है, जिसे विशेषज्ञ 80 तक छोटे बम ले जाने में सक्षम -शेष पृष्ठ दो पर



- ईरानी सुप्रीम नेता मुजतबा खामेनेई ने कहाः लारीजानी की हत्या का लेंगे बदला
- ईरानी हमले में संयुक्त अरब अमीरात में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना निशाना बना

## इजरायल का दावाः ईरान के खुफिया मंत्री खतीब मारे गए

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में रात भर किए गए इजरायली हवाई हमले में ईरानी खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब मारे गए हैं। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ इजरायल ने यह जानकारी दी है। रक्षा मंत्री ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान यह भी संकेत दिया कि मंगलवार को सभी मोर्चों पर चौंकाने वाली जानकारी मिल सकती है। रक्षा मंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, श्री काट्ज ने कहा कि ईरान और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चलाए जा रहे युद्ध की तीव्रता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि रात के समय किए गए हमलों में ईरानी खुफिया मंत्री खतीब को मार दिया गया है।

## पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, क्षेत्र में शांति और होर्मुज पर चर्चा हुई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने ईद के लिए अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर अपने विचार साझा किए। हाल के घटनाक्रमों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। पीएम मोदी ने कहा कि हमने पश्चिम एशिया में बदली स्थिति पर विचार-विमर्श किया और हाल के घटनाक्रमों पर चिंता जताई। हमने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा को दोहराया। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क जरूरी है।

## सऊदी में नहीं दिखा चांद, भारत में 21 को मनेगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में बुधवार को शव्वाल का चांद नहीं देखा गया है, इसलिए वहां गुरुवार (आज) नहीं, बल्कि 20 मार्च को ईद मनाई जाएगी। दरअसल, सऊदी में चांद दिखने के आधार पर ही भारत में ईद की संभावित तारीख तय होती है। अगर सऊदी में बुधवार को चांद दिख जाता, तो वहां गुरुवार को ईद मनाई जाती। इसके बाद भारत में भी ईद की तारीख भी तय हो जाती। मगर वहां बुधवार को शव्वाल का चांद नहीं देखा गया है। इसका मतलब ये हुआ कि सऊदी में गुरुवार (आज) ईद नहीं मनाई जाएगी।

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।

# राज्यों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा एलपीजी कोटा मिलेगा

## सरकार ने मानाः एलपीजी की किल्लत जारी, मोदी-पेट्रोलियम मंत्री के बीच 2 घंटे चली बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल जंग के बीच भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10 प्रतिशत ज्यादा एलपीजी कोटा देने का आफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। एलपीजी की दिक्कत अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है, लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं। वहीं कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार -शेष पृष्ठ दो पर



- केंद्र सरकार ने राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा

## यूएई से 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर गुजरात पहुंचा भारतीय टैंकर

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से करीब 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर एक भारतीय टैंकर 'जग लाडकी' बुधवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह की संचालक कंपनी अडानी पोर्ट्स ने बताया कि 274.19 मीटर की लंबाई वाले और 50.04 मीटर चौड़े हल वाले इस टैंकर में 80,886 टन कच्चा तेल लाया गया है। यह यूएई के फुजैरा बंदरगाह से तेल भरकर रवाना हुआ था। अडानी पोर्ट्स ने कहा है कि इस खेप से बड़ी तेल शोधन कंपनियों को आपूर्ति जारी रखने में मदद मिलेगी जो पश्चिम एशिया में जारी व्यवधान के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में मुंद्रा बंदरगाह की भूमिका को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई तथा ईरान द्वारा जवाबी हमले से पश्चिम एशिया से और पश्चिम एशिया के रास्ते आने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

## भारत ने जंग के बीच ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेहरान।** इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।

करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं। घटना में मारे गए 8 लोगों के शव -शेष पृष्ठ दो पर



## इंदौर में ईवी ब्लास्ट, घर के डिजिटल लॉक नहीं खुलने से आठ लोग जिंदा जले

**इंदौर।** इंदौर में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं।




## पंडित शब्द पर नया विवाद, कक्षा सात की संस्कृत परीक्षा का प्रश्न बना मुद्दा

**लखनऊ/आगरा।** उत्तर प्रदेश में 'पंडित' शब्द को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के बाद अब बेसिक शिक्षा विभाग की कक्षा सात की संस्कृत परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न में 'पंडित' शब्द को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। इस प्रश्न को शिक्षकों ने जातिसूचक और आपत्तिजनक बताते हुए विरोध जताया है। एक दिन पूर्व मंगलवार को आगरा के परिषदीय स्कूलों में आयोजित संस्कृत परीक्षा के प्रश्न पत्र में एक प्रहेलिका (पहेली) पूछी गई थी ष्वह कौन है जो बिना पैर के दूर तक जाता है और साक्षर है, लेकिन पंडित नहीं है? इसके विकल्प थेः बादल, पक्षी, वायु और पत्र। इस प्रश्न में 'पंडित' शब्द के प्रयोग को लेकर ब्राह्मण समाज और शिक्षक संगठनों के बीच नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि 'पंडित' एक सम्मानजनक शब्द है और इसका प्रयोग अत्यंत सावधानी से किया जाना चाहिए। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक संघ का कहना है कि यह प्रश्न पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है।

# आंधी और बारिश के साथ उप्र में बदला मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के पश्चिमी जिलों में मौसम ने बुधवार शाम अचानक करवट ली। देर शाम दिल्ली से सटे जिलों नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर आदि जिलों में झोंकेदार हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का यह बदलाव 21 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान बारिश वाले क्षेत्रों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। तेज हवाओं और बारिश के असर से प्रदेशभर में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के संकेत हैं। गुरुवार को पश्चिमी यूपी व मध्यांचल के 23 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है, जबकि सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर समेत छह जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट है। बुधवार को बांदा सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 19 मार्च से बदलाव के साथ 20 मार्च को प्रदेशभर में तेज हवाओं और बारिश का व्यापक असर -शेष पृष्ठ दो पर

- पश्चिमी जिलों में गरज- चमक के साथ हुई बारिश









# खतौली में प्याज विक्रेता पर हमला कर किया गंभीर घायल आधा दर्जन युवकों पर आरोप

## फेहरी वाले पर हमले से देवीदास मौहल्ले में मची अफरा-तफरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के मोहल्ला देवीदास में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्याज बेचने गए एक फेरी वाले पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। हमले में विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित की पहचान सद्दीकनगर निवासी अल्ताफ पुत्र नसीमउद्दीन के रूप में हुई है, जो सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। अल्ताफ के अनुसार, वह रोज की तरह मोहल्ला देवीदास में प्याज बेचने गया था। जैसे ही वह मंदिर के पास पहुंचा, वहां मौजूद कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान उसकी सोने की चेन भी गायब हो गई। इस संबंध में उसने करीब आधा दर्जन अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

रमजान माह में इस घटना से क्षेत्रवासी सहमे हुए है। उनका मानना है कि यदि लोग समझदारी से काम न लेते तो यह मामला तूल पकड सकता था।

# गंगनहर में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**मृतक की शिनाख्त मीरांपुर खुर्द निवासी पप्पू के रूप में हुई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गंग नहर खलासी और फुलत मार्ग के पास बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लोगों ने नहर में एक युवक का शव बहते हुए देखा। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, जिसमें मृतक की शिनाख्त पप्पू पुत्र जयप्रकाश, निवासी ग्राम मीरापुर खुर्द के रूप में हुई। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया।

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं फैल गई हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# मदनी स्कूल के बाहर लगे हुए हैं कूड़े के ढेर

## देहात की सफाई व्यवस्था हुई चौपट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** देहात क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मदनी स्कूल वाला रोड गंदगी के अम्बार से अटा पड़ा हुआ है हालत यह है की स्कुल के बाहर ही कूड़े के ढेर लगे हुए हैस और यह पावटी जाने वाला मुख्य मार्ग गंदगी से स्कुल के बाहर अटा पड़ा हुआ हैस स्कुल की बाउंड्री के बाहर जगह-जगह सड़क पर गहरे ग्ग्रे, फैला हुआ कूड़ा-करकट और गंदगी के कारण स्कूली बच्चों, स्थानीय निवा. सियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह रास्ता मदनी स्कूल पर जाता है वही पावटी गांव का भी यह मुख्य मार्ग है।और सरकार जहाँ स्वच्छ मिशन भारत के अंतर्गत सफाई अभियान चलाकर देश को साफ सुथरा करने मे कोई कसर नहीं छोड़ रही है वही यह गंदगी स्वच्छ भारत मिशन का मखोल उड़ाती नजर आ रही है रोजाना बच्चे जहाँ गंदगी के पास से होकर गली से होकर ही गुजरने को मजबूर है।

ग्राम पंचायत चरथावल देहात द्वारा सफाई कराने मे कोई रूचि नहीं ली जा रही है क्षेत्रवासियों का कहना है कि जहाँ बहुत दिनों से यहां नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है ।

वही जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों से दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों व गंदगी के कारण बीमारियों का फैलने का खतरा सर पर मडरा रहा है क्षेत्रवासियो और मुहल्लेवासियो ने अनेको बार ने ग्राम प्रधान से सफाई कराने की मांग की जा चुके है लेकिन आज तक यहां पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पायी है। और मुहल्लेवासियो का आरोप है की जहाँ पुरे देश मे सफाई व्यवस्था के प्रति सरकार बहुत ही गंभीर है लेकिन चरथावल देहात मे स्कुल जैसी संस्था और मार्ग के पास बड़ी बस्ती होने के कारण भी सफाई न होना स्वच्छ भारत मिशन अभियान को खुल्लम खुल्लम पलिता लगाता नजर आ रहा है और सफाई व्यवस्था का मखोल उडाता नजर आ रहा है।

# युवती से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी भेजे जेल

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने एक नवयुवती के साथ छेड़खानी करने के बाद उसको मारपीट कर घायल करने वाले दो फरार अभियुक्तों को दबोचकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव जौला में एक नव युवती अपने घर से बाजार में कुछ घरेलू सामान खरीदने जा रही थी कि आरोप के मुताबिक गांव के ही दूसरे सांप्रदाय के युवक शकील पुत्र लतीफ, नूर हसन और मनव्वर पुत्रगण जमील, आसिफ पुत्र वकील, तसव्वर पुत्र अल्ताफ, निन्ना और फुरकान पुत्रगण शकील और कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने नवयुवती के साथ छेड़खानी और छींटाकशी करने पर उसे बचाने आए नवयुवती के भाई और चाचा के साथ मारपीट और गाली गलोज की थी। जिसमे नवयुवती और उससे भाई को चोटें आई। तब पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने भागदौड़ कर फरार चल रहे दो अभियुक्तों आसिफ अली पुत्र वकील अहमद उर्फ काला और फरमान उर्फ निन्ना पुत्र शकील निवासी ग्राम जौला को किसी खास मुखबिर की सूचना पर बुधवार की अल सुबह गांव कुरालसी मार्ग से बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कुमार कसाना, हैड कांस्टेबल मनोज कुमार, हैड कांस्टेबल हेमन्त कुमार, कांस्टेबल इस्फाक और कांस्टेबल अनुज कुमार रहे।

# तमंचे सहित बदमाश गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने गांव मंदवाडा वाया लुहसाना लिंक मार्ग से एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से तलाशी के दौरान एक अवैध तमंचा बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपी को पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है। बुढ़ाना पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई है। पकडा गया बदमाश कासिम कस्बे के मोहल्ला खाकरोबान करबला रोड का रहने वाला है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मिला है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसका चालान कर दिया है।

# दून मिशन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव ने धूम मचाई

**शाहपुर।** नगर स्थित इंग्लिश मीडियम शिक्षण संस्था दून मिशन पब्लिक स्कूल में आज 24वें वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर यशपाल सिंह द्वारा किया गया। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया और टॉपर छात्र-छात्राओं अवनी, गुरलीन और मानवी, आयुषी, अशह्ल, सदफ,साद, दिव्या, को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी एवं पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने अपने संबोधन में अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की पहली पाठशाला उनके माता-पिता होते हैं, उसके बाद विद्यालय की भूमिका आती है। अभिभावकों को नियमित रूप से विद्यालय से संपर्क कर बच्चों की प्रगति की जानकारी लेनी चाहिए, ताकि बच्चे किसी प्रकार की गलत जानकारी न दे सकें। विद्यालय के प्रबंधक सत्यवीर बालियान ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वहीं होनहार प्रधानाचार्य अंशु चौधरी ने




परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा देना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि प्रारंभिक शिक्षा ही बच्चों की मजबूत नींव तैयार करती है। कार्यक्रम को राहुल, दीपक, संजय, पूजा, अकबर अली, जान मोहम्मद सहित शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, पत्रकार नंदकिशोर सैनी, अमन सैनी, भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र बालियान और अरविंद चौधरी ने भी संबोधित किया।

# अज्ञात गाडी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज

**बुढ़ाना।** तीन ग्रामीणों को अपनी गाडी से टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानक. ारी के अनुसार दीपक पुत्र अमर पाल, रोहित पुत्र विनोद और कुलद. ीप पुत्र राम मेहर निवासीगण ग्राम डूंगर बीती 04 मार्च को एक मोटर साइकिल पर सवार होकर जनपद शामली से अपने घर पर आ रहे थे। जैसे ही वे तीनों फुगाना थाना क्षेत्र में नई दिल्ली वाया देहरादून हाईवे पुल के नीचे पहुंचे तो पीछे से तेजी और लापरवाही से एक गाडी ने उनकी मोटर साईकिल में जोरदार टक्कर मार दी और अपनी गाडी को घटनास्थल पर ही छोड कर भाग गये। तीनों युवकों को काफी चोटें आयी। जिनका इलाज अब हरियाणा राज्य के जनपद करनाल के एक निजी हस्पताल में चल रहा है। इस मामले में घायल दीपक के पिता अमरपाल पुत्र त्रिपाल निवासी ग्राम डूंगर ने अज्ञात गाडी चालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उधर फुगाना पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरु कर दी है।

# श्री राम कॉलेज में फोटोग्राफी पर हुई कार्यशाला

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सिनेमेटोग्राफ एवं फोटोग्राफी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कैनन इण्डिया प्रा0लि0 से आए फोटोग्राफीए फ़ोटो इंस्ट्रक्टर जितेंद्र कुमार व सिनेमेटोग्राफर अमित शर्मा व कैनन इण्डिया प्रा0लि0ए डायरेक्टर ऑफ़ फाईन आर्ट्स मनोज धीमान ए पत्रकारिता एव जनसंचार के विभागाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश कुशवाहाए ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यशाला के पहले सत्र में वरिष्ठ फोटोग्राफी स्पेशलिस्ट जित. ेंद्र कुमार ने पत्रकारिता एवं जनसंच. ार विभाग व फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियो को फोटोग्राफी के बेसिक गुर सिखाये।

# वृहद रोजगार मेले के तहत होगी हजारों पदों पर भर्ती

## एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आज होगी राष्ट्रीय कांफ्रेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में दिनांक 19 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर-2026 (वृहद रोजगार मेला) के सफल संचालन एवं व्यापक जानकारी साझा करने हेतु एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिक. ारी, पारूल सिंघल व संस्थान के उपाध्यक्ष, श्री विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से मीडिया को इस महत्वपूर्ण आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया।




प्रेस वार्ता में बताया गया कि यह मेगा जॉब फेयर युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की 80 से अधिक कम्पनियां लगभग 5000 विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार/परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। जिसमें लारसन एंड टरबो, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, स्वराज मोटर्स, चेतू आईटी कंपनी, फेस्पी, के.के.सी. एस्टरप्राइजेज, एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस, हॉली हर्क्स, पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि., फिलिप कार्ड, एलआईसी, डिक्सन टेक्नोलॉजी आई स्नाइपर आदि शामिल है। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आई.टी.आई., और डिप्लोमा आदि योग्यता धारक अभ्यर्थियों के लिए एग्जीक्यूटीव टैक्निकल असिस्टेंट, फील्ड एग्जीक्यूटिव, इंश्योरेंस एडवाइजर समेत विभिन्न पदों पर चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल तवरहंतेंदहंउ.नच. हवअ.पद पर जाबसीकर के रूप में ऑनलाइन पंजीकरण कर कार्यक्रम में भाग ले सकते है। अभ्यर्थीयों को मेले में प्रतिभाग करने के लिये अपने साथ बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, फोटो आईडी आदि आवश्यक दस्तावेज अवश्य लेकर आने होंगे। सभी अभ्यीर्थयों के लिये वृहद रोजगार मेला में प्रतिभाग एवं चयन प्रक्रिया पूर्णत: नि:शुल्क होगी और किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये जिला सेवायोजन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

प्रेस वार्ता के दौरान कॉलेज प्रशासन ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगा तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी से राजपूत समाज में भारी रोष

## यह सरासर राजपूत समाज के साथ धोखा है: अमित पुंडीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा के बाद राजपूत समाज में काफी रोष देखने को मिल रहा है। कई योग्य व्यक्तियों द्वारा आवेदन किये जाने के बावजूद भी समाज को कोई महत्व नहीं दिया गया।

क्षत्रिय राजपूत महासभा जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पदाधिकारी अमित पुंडीर ने कहा कि भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी में राजपूत समाज के किसी भी नेता को न तो उपाध्यक्ष बनाया गया है और न ही महामंत्री, उन्होंने कहा कि समाज की इस तरह अनदेखी को अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी में शामिल होने के लिये राजपूत समाज के कई योग्य एवं दिग्गज युवा नेताओं ने आवेदन किया था और उन्हें आश्वासन भी मिला था, लेकिन भाजपा की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद राजपूत समाज



अपने आप को अपमानित महसूस कर रहा है, जिसका खामियाजा पार्टी को आगामी चुनाव में भुगतना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पूर्व की कार्यकारिणी में ग्राम दूधली निवासी सुषमा पुंडीर को महामंत्री बनाया गया था, जिससे समाज में खुशी की लहर थी, लेकिन इस बार समाज की पूरी तरह से अनदेखी की गई है, जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज के सैंकडों गणमान्य नागरिकों ने वहलना चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पास किया था, जिसके सम्बन्ध में भाजपा युवा नेता सुभाष चौहान के नेतृत्व में समाज के सैंकडों गणमान्य नागरिकों ने राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से मुलाकात की थी। मंत्री ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा शीघ्र ही लगाने का आ्रवासन भी दिया था, लेकिन आज तक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा नहीं लगी, जिससे समाज में निराशा का माहौल बना हुआ है। अमित पुंडीर ने कहा कि भाजपा द्वारा राजपूत समाज का शोषण अब बर्दाश्त नहीं होगा। राजपूत समाज भाजपा को शत प्रतिशत वोट देता है, उसके बावजूद राजपूत समाज के साथ धोखा किया गया।

# फिर दोबारा कस्बा चौकी इंचार्ज बने कसाना

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बुधवार की सुबह ही बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में मामूली सा फेरबदल किया है। उन्होंने सब इंस्पेक्टर ललित कुमार कसाना पर एक बार फिर से ब्विास जताते हुए उनको बुढ़ाना कोतवाली की कस्बा पुलिस चौकी का दोबारा से नया इंचार्ज बनाया है जबकि यहां बुढ़ाना कस्बा पुलिस पर तैनात रहे सब इंस्पेक्टर संदीप चौधरी को बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी का नया इंचार्ज बनाया है। सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार पहले भी गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर प्रभारी के रुप में तैनात रह चुके हैं। उनको भी गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर फिर से एसएसपी ने दूसरी बार मोका दिया है। दोनों ही प्रभारियों ने बुधवार के दिन ही अपनी अपनी चौकियों पर पहुंचकर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है।

# एसडी मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए के विद्यार्थियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज बीसीए पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के बीबीए - बीसीए कॉन्फ्रेंस हॉल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल तथा बीसीए /बी.एससी. (कंप्यूटर साइंस) विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायलद्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दोनों ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की वास्तविक पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होती है। उन्होंने



कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल को लगातार विक. सित करते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है । यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें तो वे निश्चित रूप से अपने जीवन में उच्चतम सफलता प्राप्त कर सकते हैं ।

इस अवसर पर बीसीए एवं बी. एससी. (कंप्यूटर साइंस) विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया । उन्होंने कहा कि वर्तमान समय सूचना प्रौद्योगिकी का युग है और कंप्यूटर शिक्षा का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे केवल पाठ्ङक्रम तक सीमित न रहें, बल्कि नई तकनीकों और आधुनिक ज्ञान को भी सीखने का प्रयास करें। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है ।

घोषित परिणाम के अनुसार बीसीए पंचम सेमेस्टर में आयुषी भूपेंद्र ने 71.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अनुष्का चौधरी ने 69.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि राशी मित्तल ने 69.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान इन सभी मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आयुषी भूपेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मब्विास के माध्यम से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है।

# 23 कार सेवक अयोध्या रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अयोध्या श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में वर्ष प्रतिपदा समारोह दिनांक 19 मार्च 2026 मे महामहिम राष्ट्रपति के आगमन पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से मुजफ्फरनगर के 23 कार सेवकों को निमंत्रण पत्र भेजकर सादर आमंत्रित किया गया जिस निमित नगर के 21 कार सेवक आज को ललित मह्श्वेरी के नेतृत्व में बस द्वारा मुजफ्फरनगर से चलकर वंदे भारत ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए राष्ट्रसेविका समिति की जिला संघचालिका मंजू मह्श्वेरी व जिला कार्य वाहिका नीती अग्रवाल ने सभी कारसेवकों को तिलक लगाकर व दीप जलाकर की ध्वजा दिखाकर शुभकामनाओं के साथ इस अपेक्षा के साथ रवाना किया की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवान शक्ति दे कि शीघ्र ही अयोध्या की तर्ज पर मथुरा में भी भव्य कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर कर भव्य मंदिर का निर्माण हो इस यात्रा में ललित महेश्व. री, रमेश साई,जितेंद्र कुछल, नितिन तायल, श्रवण अग्रवाल, डॉक्टर सुभाष शर्मा, ताहर सिंह पाल, डॉ अखिलेश, अनिल धमीजा, बाल बहादुर, विजय टंडन, अनमोल छाबड़ा, ललित बिरला, जितेंद्र जैन, ललित अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग, अजय जैन, प्रमोद त्यागी, प्रवीण गोयल, दयानंद, सत्यपाल, डॉ चंद्र मोहन शर्मा, कुसुम बंधु को दर्शनाथ जाने का अवसर प्राप्त हुआ।

## सऊदी में नहीं दिखा चांद, ईद अब मनेगी इक्कीस को

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर सहित पूरे भारत में ईद उल फितर का त्योहार 21 मार्च को जोश खरोश के साथ मनाया जाएगा। सऊदी अरब ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि ईद-उल-फितर 20 मार्च को मनाई जाएगी. यह फैसला तब लिया गया जब शव्वाल का चांद दिखाई नहीं दिया, जिससे रमज़ान के 30 दिन के रोजे पूरे हो गए. चांद देखने वाली समिति ने रिपोर्टों की समीक्षा करने के लिए बैठक की थी। इसी कारण सऊदी में ईद बीस मार्च को तथा भारत में ईद इक्कीस मार्च को मनाई जाएगी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अरशद जो कि किसी गलत संगति में पड़ गया है,जिस काम को में अरशद को करने से मना करता हु, उसी काम को करता है, और मेरे कहने सुनने में नहीं है मेरा पुत्र अरशद मेरे व मेरे परिवार वालो के साथ मारपीट भी करता हैं। आज के बाद अरशद के द्वारा किसी भी दीवानी या फौजदारी कृत्य या अन्य किसी भी कृत्य के लिए मेरी या मेरे परिवार के सदस्य की जिम्मेदार नहीं है, मेरा पुत्र अरशद अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होंगा। मैंने और मेरे परिवार वालो ने अरशद को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद अरशद का हमारी चल-अचल संपत्ति से कोई लेना देना नहीं है हम अरशद के साथ अपना हर तरह का रिश्ता व सम्बन्ध विच्छेद करते है। मेरा और मेरे परिवार वालो का अरशद के साथ किसी भी तरह का रिश्ता व सम्बन्ध नहीं है ओर आगे भी नहीं होगा।

**उमर जान पुत्र सुबेदीन**
**निवासी ग्राम सिखरेड़ा**
**थाना सिखेड़ा**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**समन** वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय खतौली जिला मु.नगर**

वाद संख्या T202509550600562 सन् 2025, 1. विनेश 2. रामचरण, 3. सुनील कुमार पुत्रगण श्री फतेह सिंह, 4. अतुल कुमार पुत्र सुभाष, 5.श्रीमति ममता पत्नी सुभाष उक्त सभी निवासी ग्राम मुबारिकपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर......**वादीगण बनाम** 1. रविदत्त पुत्र लक्ष्मीचन्द निवासी ग्राम खुब्बापुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर, 2. मोहनवीर पुत्र परसराम, 3. रामकुमार पुत्र महावीर सिंह, 4. श्रीमति शिक्षा पत्नि महावीर सिहं, 5. श्रीमति सीमा पत्नि मनोज कुमार, 6. श्रीमति रीता पत्नि विनोद कुमार, 7. श्रीमति मेर्वा देवी पत्नि सोमपाल उक्त सभी निवासी ग्राम मुबारिकपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर, 8. अमित त्यागी पुत्र ओमकुमार, 9. कमल त्यागी पुत्र ओमकुमार निवासीगण ग्राम खुब्बापुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर, 10. विमल कुमार पुत्र ओमकुमार, 11. श्रीमति कुसुम पत्नि ओमकुमार, 12. कृष्णा त्यागी नाबा. लिग आयु 10 वर्ष पुत्री सचिन त्यागी, संरक्षिका माता श्रीमति करूणा, 13. रोल्ली त्यागी नाबा. आयु 13 वर्ष पुत्री सचिन त्यागी संरक्षिका माता श्रीमति करूणा, 14. श्रीमति करूणा पत्नि सचिन त्यागी, 15. दीपक कुमारपुत्र श्री धर्मवीर, 16. सुबोध कुमार पुत्र धर्मवीर, 17.साजन पुत्र स्व. रामकुमार, 18. श्रीमति इन्द्रेश पत्नि श्री रामकुमार उक्त सभी निवासी ग्राम खुब्बापुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर, 19. ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम खुब्बापुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर ...**प्रतिवादीगण**

**वाद अन्तर्गत धारा 24 उ. प्र. राजस्व संहिता 2006 ग्राम खुब्बापुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर**

हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की मै लिहाजा आपको हुक्म देता है आप बतारीख **23/03/2026 ई.** बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 09/03/26 ई. जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी, खतौली**

# कृष्ण की रासलीला आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक: हिमेश शास्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मद भागवत कथा के छठे दिन रासलीला और कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का मार्मिक और भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति में सराबोर हो गया।

मुजफ्फरनगर शहर के सनातन धर्म सभा भवन में समस्त अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में चल रही मद भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत व्यास पीठ पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात कथा का शुभारंभ किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भक्ति भाव के साथ भाग लिया।

कथावाचक हिमेश शास्त्री (मथुरा वाले) ने रासलीला प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और आध्यात्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रासलीला केवल एक लीला नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। भगवान कृष्ण और गोपियों के दिव्य प्रेम के माध्यम से भक्ति की गहराई और समर्पण का संदेश दिया गया। कथा के इस भाग के दौरान श्र)ालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए और नाचते-गाते रहे, राधे-राधे तथा जय कृष्ण के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। इसके बाद कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। इसमें कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने भगवान कृष्ण को अपने आराध्य और जीवनसाथी के रूप में स्वीकार करते हुए अटूट ब्विास और श्रद्धा का परिचय दिया। उन्होंने रुक्मिणी के प्रेम, साहस और दृढ़ संकल्प की कथा सुनाते हुए यह भी बताया कि सच्चे मन से की गई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती।

कथा के छठे दिन मुख्य यजमान के रूप में पारिक मित्तल, रोहित मुन्द्रा (फरीदाबाद), अर्पित गर्ग (देहराद. ून), शिवम गोयल ध्एसीएस पेपरत्र और कुलदीप (गाजियाबाद) मौजूद रहे।

कथा आयोजक अभिनव अग्रवाल ने अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत एवं सत्कार किया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरा पंडाल भक्ति गीतों और संकीर्तन से गुंजायमान रहा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोगों ने बड़ी श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **मौ0 सुहैल** और पुत्रवधू **शीबा** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**मौ0 सलीम पुत्र इन्शाल्ला**
निवासी: 147, सराफान खतौली,
कस्बा व थाना खतौली,
जिला मुजफ्फरनगर।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 10902/7-10-2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम कृषा मुंडे है। पंजीकरण हेतु आवेदक पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

नाम-विजय कुमार
पता-1377/1 राम लीला
टिल्ला मुजफ्फरनगर

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं मदन गोपाल पुत्र सेवाराम निवासी लुहसाना थाना बुढ़ाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र अमित कुमार व मेरी पुत्रवधू श्रीमति संगीता मेरे कहने सुनने में नहीं है और न ही मेरे या मेरे परिवार के किसी भी कार्य में कोई मदद करते हैं। वे मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों संग दुर्व्यवहार करते रहते हैं। आए दिन झगडा फसाद कर परिवार की शांति भंग रखते हैं। अब मेरा पुत्र अमित कुमार और मेरी पुत्रवधू श्रीमति संगीता भविष्य में कोई भी गलत कृत्य करते हैं तो वे दोनों खुद ही जिम्मेदार होंगे मेरी कोई जिम्मेदारी भी नहीं होगी। इसलिए में आज से अपने पुत्र अमित कुमार व अपनी पुत्रवधू श्रीमति संगीता को अपनी सभी चल और अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।

# धीराहेड़ी गांव के जंगल में दिखाई पड़े तेंदुए के शावक

## लोगों में दहशत के बीच वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव धीराहेड़ी के जंगल में गन्ने की पत्तियों को इकठा कर रहे दो युवकों को तेन्दुए के पांच शावक खेत में टहलते दिखाई पड़े।इसके बाद उन्होंने उनकी वीडियो बना ली मादा को पेड़ पर चढ़ी हुई देख वह भयभीत होकर जंगल से लौट आए। इसके बाद गांव में दहशत व्याप्त हो गई है वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव धीराहेड़ी निवासी किसान रोहित राठी ने जानकारी देकर बताया कि पिछले कई दिनों से गांव के जंगल में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर किसान भयभीत है बुधवार की दोपहर गांव निवासी युवक काजी मौ आसिफ व काजी मौ काशिफ किसान विनय कुमार पुत्र हरपाल सिंह के खेत में गन्ने की पत्तियों को इकठा कर रहे थे कि उनकी नजर वहां टहल रहे तेंदुए के बच्चों पर पड़ी

एक युवक ने उनकी वीडियो मोबाइल से बना ली तथा पेड़ पर बैठी मादा को देखकर वह भयभीत होकर घर लौट आये।जंगल में तेंदुए कि आमद को लेकर गांव धीराहेड़ी सहित निरगाजनी बेलडा, महमूदपुर माजरा आदि गांव के किसानों में दहशत व्याप्त हो गई है।

वही भोपा क्षेत्र के वन रक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुए की उपस्थिति को लेकर गांव के जंगल में पिंजरा लगाया गया है जहां वन कर्मचारी मनोज कुमार व मुगल तैनात हैं।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर वधु को दिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत मोरना में 91 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति से सम्पन्न कराया गया इस दौरान गणमान्य व्यक्तियों ने वर वधु को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।शादी का खर्च सरकार द्वारा वहन किया गया।



मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित लव पैराडाइज़ बैंकट हॉल में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 51 हिन्दू व 40 मुस्लिम जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया।इस दौरान दुल्हन को 60 हजार रुपये राशि व 25 हजार रुपये राशि का सामान दिया गया।जिसमें आम ज़रूरत की 24 वस्तुएं चांदी के आभूषण तथा मिठाई की टोकरी व ड्राई फूट का पैकेट प्रदान किये गये।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा.वीरपाल निर्वाल ने कहा कि केन्द्र व राज्य की सरकार प्रत्येक परिवार के कल्याण को लेकर प्रयासरत है।निर्धन परिवार की कन्याओं के लिए अब अनुदान राशि को बढ़ाकर एक लाख कर दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर देश भूषण ,जिला समाज कल्याण अधिकारी कमलेश दुबे, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन,ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी,विधायक प्रति. निधि सुप्रिया पाल, एडीओ पंचायत योगेश्वर दत्त त्यागी,एडीओ समाज कल्याण प्रदीप चंदेल,एडीओ सुरेंद्र सिंह, भाजपा से रामकुमार शर्मा ,मंडल अध्यक्ष अरुण पाल ,अंकुल चंद शर्मा,लिपिक योगेंद्र सिंह ,लेखाकार मनोज वालिया, ग्राम सचिव जोगेंद्र सिंह, प्रांजल कुमार, योगेश धीमान ,योगेश सहरावत ,सुरजीत, प्रेम कुमार, अशरफ अंसारी ,नवीन कुमार, मोहित गौतम ,इंदु देशवाल,अजय कृष्ण शास्त्री,अंजुम प्रधान,आलोक प्रधान,सुरेन्द्र प्रधान, आदि मौजूद रहे। पण्डित प्रभात कौशिक,अर्पित कपिल, नीरज शर्मा,अमित वत्स ने मंत्रोच्चार किया व कारी शौकत अली अंसारी ने निकाह पढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन आज़ादवीर सिंह ने किया।

# एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने वाहन चालकों को रोका

**कहा: बाइक पर तीन का बैठना जरुरी हैं क्या**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना की एनएसएस इकाई द्वारा त्रिदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम का आयोजन कस्बे के महावीर चौक पर स्थित पुलिस चौकी के निकट किया गया। स्वयं सेविकाएं कॉलेज से रैली के रूप में ट्रैफिक रूल्स के स्लोगन बोलते हुए गंतव्य स्थल महावीर चौक पर पहुंची। स्वयंसेवकों ने सड़क वाहन के अंतर्गत मोटर साइकिल, स्कूटी व कार आदि के चालकों को यातायात के नियम समझाएं। उन्हें बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलना चाहिए। 18 वर्ष से ऊपर वाले चालकों को



लाल बत्ती, हरी बत्ती व पीली बत्ती के संकेत के विषय में व्यवहारिक रुप से समझाया उन्हें बताया कि वाहन चाल. कों को सड़क के किस ओर चलना चाहिए तथा हेलमेट पहनने से कोई भी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है। कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर रखनी चाहिए। चालकों को ज़ेबरा क्रॉसिंग के विषय में जानकारी दी। स्वयं सेविकाओं के आठ आठ छात्राओं के ग्रुप बनाएं तथा महावीर चौराहा के चारों तरफ स्वयं सेविक. ाओं ने वाहन चालकों को मोबाइल का उपयोग वाहन चलाते समय नहीं करना चाहिए के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्हें बताया कि नशे में वाहन चलाना अपराध है एनएसएस की स्वयंसेविका इशा बालियान ने एक ट्रक को रुकवाकर उसे सचेत किया कि चौराहे पर बिना हॉर्न बजाए क्रॉस नहीं करना चाहिए तथा गाड़ी को ओवर टेक करते समय बहुत ही सावधानी रखनी चाहिए। स्वयं सेविकाओं के ए ग्रुप की छात्राओं के अंतर्गत रिया, शिवानी पाल, शगुन, शिवानी, तुलसी, वंशिका, हिमांशी और खुशी मिश्रा ने मोटर साइकिल चालकों से हेलमेट तथा उनके लाइसेंस चेक किये उन्हें बताया कि बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाना कानूनी अपराध है तथा इसमें सजा का प्रावधान भी निहित है। सभी वाहन चालकों को ट्रैफिक पुलिस के संकेत मानने चाहिएं। तेज गति से वाहन नहीं चलाने चाहिए। स्वयं सेविकाओं के सी ग्रुप की छात्राओं शिवानी, सिमरन, चांदनी, डोली, गुढन, काजल शर्मा, कनिका व मोनिका रानी ने वाहन चालकों से कई प्रकार के प्रश्न पूछे। उनसे पूछा कि ट्रैफिक सिग्नल में कितने रंग होते हैं लाल बत्ती होने पर वाहन चालकों को क्या करना चाहिए पीली बत्ती का क्या अर्थ होता है स्वयं सेविकाओं के डी ग्रुप की छात्राओं रूही राठी, रिया शर्मा, संध्या पुंडीर, शिवानी, तान्या भट, अंशिका शर्मा, अंशिका, बागेजहां, साक्षी, चीनू व सलोनी ने पैदल यात्रियों को भी रोक. कर सावधानी से चलने के लिए आग्रह किया। बत्ती होने पर न केवल वाहन चालकों को ही रुकना चाहिए अपितु पैदल यात्रियों को भी सावधानी पूर्वक चौराहा पार करना चाहिए। महावीर चौक पर स्थित पुलिस चौकी व ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर शुभम सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार व ट्रैफिक पुलिस में तैनात अनुज कुमार और तरुण कुमार ने स्वयं सेवकों की व्यवस्था को बनाने में काफी सहयोग प्रदान किया। स्वयं सेविकाओं के साथ साथ कॉलेज की प्रवक्ता व कार्यक्रम अधिकारी रूपाक्षी चौधरी, प्रवक्ता शबा परवीन, किरण मलिक, अनीता राणा, स्वाति शर्मा व प्रवीण आदि उपस्थित रहे तथा स्वयं सेविकाओं ने कॉलेज में पहुंचकर जलपान ग्रहण किया तथा कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश चंद शर्मा ने स्वयं सेविकाओं की व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस चौकी प्रभारी संदीप चौधरी, नवागंतुक चौकी प्रभारी ललित कसाना और ट्रैफिक पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# आर्य समाज ने शुरु किया व्यापक जागरुकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बिटावदा और आसपास के गांवों में आर्य समाज द्वारा एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। जिसका उद्देश्य महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं और आर्य समाज के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत आर्य समाज के प्रचारक वैदिक संस्कृति का पुनरुद्धार कर रहे हैं और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा में बुधवार को यज्ञ व सत्संग आयोजित किया गया।

जहां वैदिक मंत्रों के उच्चारण से वातावरण शुद्ध किया गया और ग्रामीणों को वेदों के ज्ञान से परिचित कराया गया। अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू नशा मुक्ति है जिसके लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। सत्र में युवाओं को व्यसनों का त्याग कर स्वस्थ चरित्र निर्माण का संकल्प दिलाया गया। बच्चों को महापुरुषों के संस्कार दिए गये ताकि वे सांस्कृतिक धरोहर को अपना सकें और समाज कल्याण में योगदान दे सकें।

इस अभियान के मुख्य उद्देश्यों में नई पीढ़ी में संस्कारों का बीजारा. `पण करना और उन्हें अपनी धार्मिक पहचान और रीतियों से जोड़ना शामिल है। इसका लक्ष्य नशामुक्त समाज का निर्माण कर परिवारों में खुशहाली लाना व युवाओं को शारी. रिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। ग्रामीणों ने आर्य समाज के इस प्रयास की सराहना की और इसे समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने देखा राष्ट्रपति भवन का वैभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण और गौरवशाली स्थल, राष्ट्रपति भवन का एक विस्तृत शैक्षणिक भ्रमण किया। यात्रा के दौरान बच्चों में भारी उत्साह बना रहा।

इस दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन के पाँच प्रमुख कक्षों का दौरा किया, जहाँ राष्ट्रपति भवन द्वारा नियुक्त एक विशेष गाइड ने हर भाग का विस्तार से परिचय कराया और दरबार हॉल की गरिमा, अशोक हॉल की अद्भुत कलाकारी तथा भवन की वास्तुकला के पीछे छिपे ऐतिहासिक तथ्यों को सरल भाषा में समझाया। छात्रों को यह भी बताया गया कि यहीं पर देश के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं।

गाइड ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की पूरी प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया, जिससे छात्रों ने जाना कि नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री किस प्रकार राष्ट्रपति के समक्ष शपथ लेते हैं, साथ ही उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा लिए गए प्रथम शपथ समारोह के ऐतिहासिक महत्व को भी समझा। भ्रमण के दौरान छात्रों को यह भी दिखाया गया कि राष्ट्रपति भवन में अन्य देशों से आने वाले विशिष्ट अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था कहाँ होती है और वे राष्ट्रपति से किस स्थान पर औपचारिक मुलाकात करते हैं, जिससे विद्यार्थियों को भारत की कूटनीतिक परंपराओं की झलक मिली। इस अवसर पर छात्रों को भारत की वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जीवन संघर्ष, सादगी और उनके प्रेरणादायक सफर के बारे में भी बताया गया, जिसने उन्हें कड़ी मेहनत और ईमानदारी का संदेश दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति संग्रहालय में डिजिटल माध्यमों से भारत के इतिहास को करीब से देखा और फिर अमृत उद्यान की सैर की, जहाँ रंग-बिरंगे फूलों और हरियाली ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति और राष्ट्रीय समर स्मारक के सामने खड़े होकर छात्रों ने देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

छात्रों ने राष्ट्रपति भवन से जुड़ी समस्त ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक जानकारियाँ प्राप्त कीं। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को हअविस्मरणीय, ज्ञानवर्धक और गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि इस यात्रा ने उन्हें अपने देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी का एहसास कराया।

# कांवड़ मार्ग की बदहाली पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, चौड़ीकरण की मांग को लेकर काम रुकवाया

**इतनी कम चौड़ाई स्वीकार नहीं करेंगे ग्रामीण**

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्राचीन धार्मिक स्थल पूरा महादेव सिद्धपीठ को जाने वाले कांवड़ मार्ग की जर्जर हालत को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचे और कार्य रुकवाते हुए जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर मार्ग के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि नावला की कोठी से बड़सू, सिकंद. रपुर, मुजाहिदपुर, भूपखेड़ी, खेड़ा, पाली, कालिंदी, सरूरपुर और करनावल होते हुए पूरा महादेव सिद्धपीठ तक जाने वाला यह मार्ग काफी संकरा और खस्ताहाल हो चुका है। माइनर नहर की पटरी से गुजरने के कारण यहां हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सड़क की चौड़ाई लगभग तीन मीटर है, जबकि विभाग इसे केवल 75 सेंटीमीटर तक ही बढ़ाने की योजना बना रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी कम चौड़ाई में दो बड़े वाहनों का एक साथ निकलना संभव नहीं है, जिससे आए दिन हादसे होने की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने मांग रखी कि मार्ग को कम से कम सात मीटर चौड़ा किया जाए, ताकि यातायात सुगम हो सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

उनका कहना है कि यह मार्ग न सिर्फ धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों की बड़ी आबादी के लिए मुख्य संपर्क मार्ग भी है। विशेष रूप से महाशिवरात्रि और सावन के दौरान इस मार्ग से लाखों कांवड़िये गुजरते हैं, जिससे संकरे रास्ते पर जाम की समस्या गंभीर हो जाती है और किसी बड़े हादसे का खतरा बना रहता है।

प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में सुमित कुमार, गौरव कुमार, महेश कुमार, शिव कुमार, धर्म सिंह (पूर्व प्रधान), अरविंद, तेजपाल सिंह, मुकेश, गिरिश कुमार, राजू मास्टर, रामपाल सिंह, अजय कुमार, जॉनी कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# नन्हे बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी हुई आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** दशमेश पब्लिक स्कूल में किंडर गार्डन के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ग्रेजुएशन कैप, गाउन और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक जसवंत सिंह सहोता, डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता तथा प्रधानाचार्य आमिर खान ने दीप प्रज्वलित कर किया। गाउन और कैप में सजे बच्चों को देखकर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस दौरान बच्चों ने कविता पाठ, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन बच्चों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो उनकी औपचारिक शिक्षा की दिशा में पहला कदम है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा सहित मनजोत कौर, हर्षिका अरोड़ा, नेहा देओल, हरप्रीत कौर, प्रभजोत कौर, अमृतपाल कौर, रीटा छाबड़ा, शालू राठी और प्रिया चौहान आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार सहित किसानों की विघभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने उप जिलाघधिकारी कार्यालय के सामने धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि तहसील में कोई भी कार्य बिना पैसे नही होता है। धरना स्थल पर किसानों के बीच पहुंचे उप जिलाघधिकारी ख्रष्णकांत बि्वकर्मा ने उनकी समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के समाधान का आ्वासन दिया। तहसील क्षेत्र के सैंकडों भाकियू कार्यकर्ता बुधवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार व विघभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान व तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार के नेतृत्व में उप जिला. धिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि तहसील भ्रष्टाचार का अढा बन गई है। बिना पैसे कोई कार्य नही होता है। किसानों की खतौनी में हिस्से गलत दर्शाए गए है। ठीक करवाने के नाम पर किसान को मुकदमा झेलना पडता है। सुविधा शुल्क लिए बिना कोई कार्य नही होता।

फाइल अघधिकारी के सामने ले जाने के नाम पर वसूली होती है। अन्यथा फाइल कर्मचारी अथवा पेशकार के पास दबी रहती है। लावा. रिश पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है। बिजली विभाग के कर्मचारी गलत बिल भेजकर ठीक करने के नाम पर वसूली करते है। चीनी मिल भसाना द्वारा गन्ने का भुगतान समय पर नही दिया जा रहा है। क्षेत्र का किसान विघभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। खेती की उत्पादन लागत बढती जा रही है। कार्यकर्ताओं ने उप जिलाघधिकारी कृष्णकांत बि्वकर्मा से समस्याओं के समाधान की मांग की। उप जिलाघधिकारी ने कहा कि तहसील के भ्रष्टाचार की घशिकायत उनसे करें तुरंत कार्रवाई होगी। किसानों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उप जिलाघधिकारी के आ्वासन पर धरना समाप्त हो गया। धरना स्थल पर भाकियू के वरिष्ठ जिला पदाधिकारी अनुज बालियान, भाकियू बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, भाकियू ब्लाक अध्यक्ष बुढ़ाना सुधीर सहरावत प्रधान, भाकियू नगर अध्यक्ष बुढ़ाना इसरार अहमद, भाकियू न्याय पंचायत अध्यक्ष बुढ़ाना तैमूर अली राणा मंदवाडा, भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान, लविशघ जांगिड, यासीन खां जोगियाखेडा और अंकुर बालियान आदि सैंकड़ों भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अनामिका माहेश्वरी बनीं उ.प्र. माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश मंत्री

**मीरापुर।** कस्बे की वरिष्ठ समाजसेविका अनामिका माहेश्वरी को उ.प्र. माहेश्वरी महिला संगठन में प्रदेश मंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह सम्मान उन्हें कासगंज में आयोजित एक भव्य अलंकरण समारोह के दौरान प्रदान किया गया, जहां संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मनीषा राठी ने उन्हें औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा।

समारोह में प्रदेशभर से आई महिला पदाधिकारियों एवं समाज की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मधु बाहेती (कोटा), रेखा माहेश्वरी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहीं, जिन्होंने अनामिका माहेश्वरी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रदेश मंत्री बनने के बाद मीरापुर आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने उत्साह का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अनामिका माहेश्वरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों को आगे बढ़ाने और महिलाओं के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

# बार एसोसिएशन बुढ़ाना का चुनावी कार्यक्रम नोटिस बोर्ड पर चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना का चुनावी कार्यक्रम चुनाव अघधिकारियों ने घोघषित कर दिया है। चुनावी कार्यक्रम की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि 30 मार्च को चुनाव हेतु मतदान, मतगणना व उसी दिन चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। बार एसोसिएशन बुढा़ना की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए चुनाव अघधिकारियों ने चुनावी कार्यक्रम की सूचना जारी कर दी है। बुधवार को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। मतदाता सूची पर आपत्ति आज बृहस्पतिवार को 3 बजे तक मांगी गई है। आपत्ति का निस्तारण 4 बजे तक कर दिया जाएगा। 5 बजे तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। चुनाव के लिए नामांकन 23 मार्च मार्च में 11 बजे से 3 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। नामांकन पत्र 24 मार्च को 11 बजे से 3 बजे तक जमा होंगे। उसी दिन 3 बजे से 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 25 मार्च को 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेगे। 25 मार्च को ही 3 बजे से 5 बजे तक उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी हरबीर सिंह ने बताया कि मतदान 30 मार्च को 10 बजे से 2 बजे तक होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना व चुनावी परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव अघधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय पर उपलब्ध है।

### हिंदू युवक ने किया रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के कांधला रोड पर स्थित लकड़ी व्यापारी अली जान समानी के प्रतिष्ठान पर उनके पुत्र इरफान मलिक, समाजसेवी सोमांश संगलघ और हातिम अंसारी ने संयुक्त रुप से रोजा अफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें हिंदू समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल पेश की। इस आयोजन का उद्देश्य दोनों समुदायों के बीच आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करना था। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के रोजेदारों के साथ-साथ अन्य समुदाय के लोगों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इफ्तार के समय सभी लोग एक साथ बैठे और रोजा खोला। इस दौरान देश में अमन-चौन और भाईचारे की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। यहां पर भाकियू बुढ़ाना तहसील उपाध्यक्ष और सफीपुर पटी गांव के प्रधान पद के प्रत्याशी मोहम्मद शहजाद ने बताया कि बुढ़ाना हमेशा से गंगा जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है।

आयोजन ने सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया। कार्यक्रम में मोहित त्यागी, इब्राहीम, मोमीन कुरैशी, सै"यद अरशद, नसीम अंसारी, जमशेद, दिलशाद, आरिफ, प्रिंस, सलीम अंसारी, संदीप उर्फ बबलू त्यागी और तस्लीम आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा नेताओं ने किया शकील नदवी का स्वागत

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री शकील नदवी का बुधवार को खतौली क्षेत्र में पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वह लखनऊ से शाहपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान हाईवे पर सपा नेताओं ने उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से नदवी का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शकील नदवी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से गरीबों, पिछड़ों और जरूरतमंदों की आवाज उठाती रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार से इन वर्गों में नाराजगी है और लोग बदलाव के मूड में हैं।



उन्होंने कहा कि प्रदेश का अल्पसंख्यक समाज इस समय अखिलेश यादव की ओर उम्मीद के साथ देख रहा है और खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। नदवी ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और प्रदेश में फिर से खुशहाली और शांति का माहौल स्थापित होगा। इस अवसर पर जिला महासचिव सोमपाल भाटी, पंकज सैनी, हाजी इकबाल, दिमाग सिंह एडवोकेट, मौलाना नजर, विकिल गोल्डी, अब्दुल्ला कुरैशी, बालमुकुंद ग्रेड, सलीम मलिक, विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा सहित कई प्रमुख नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खतौली में स्किल कार्यशाला में छात्राओं ने सीखे ब्यूटी व करियर के नए हुनर

**व्यक्तित्व विकास में सहायक है सौन्दर्य सज्जा प्रशिक्षण**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्री कुन्द-कुन्द जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए ब्यूटी और व्यक्तित्व विकास से जुड़े व्यावहारिक कौशल सीखे। गृह विज्ञान और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला का विषय 'व्यक्तित्व विकास एवं सौंदर्य विषयक रोजगार परक कौशल' रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, प्रो. रीना, डॉ. सपना जैन, डॉ. पूजा पुंडीर सिंह और मेकअप आर्टिस्ट शिवानी तंवर द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ



किया गया। कार्यशाला में कुल 77 छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

प्रशिक्षण सत्र में मेकअप आर्टिस्ट शिवानी तंवर ने छात्राओं को हेयर स्टाइलिंग, मेकअप तकनीक, स्किन केयर और नेल आर्ट के गुर सिखाए। इस दौरान बीएससी गृह विज्ञान की छात्रा फातिमा को मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर लाइव डेमो दिया गया, जिससे छात्राओं को व्यावहारिक अनुभव मिला। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से न केवल सौंदर्य कौशल विकसित होते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और संवाद क्षमता में भी वृद्धि होती है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सपना जैन ने कहा कि वर्तमान दौर में ब्यूटी इंडस्ट्री तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है, जहां युवाओं के लिए रोजगार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। वहीं प्राचार्या ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बिना गारंटी 10 लाख रुपये तक का ;ण लेकर ब्यूटी पार्लर या सैलून शुरू किया जा सकता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से भी उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पुंडीर सिंह ने बताया कि कॉस्मेटोलॉजी और ब्यूटी कल्चर से जुड़े कोर्स करने के बाद छात्राएं मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट, नेल टेक्नीशियन या सैलून मैनेजर के रूप में करियर बना सकती हैं। साथ ही फीलांसिंग या अपना व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुकुल जैन, पारुल जैन, रजत गुप्ता, शकुंतला, हर्ष सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लाठी डंडों से मारपीट कर चार लोगों को किया घायल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चौंदाहेड़ी गांव में लाठी डंडों से कई लोगों ने ग्रामीण के मकान में घुसकर मारपीट की। जिसमें परिवार के चार लोग घायल हो गए। पीडित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

चौंदाहेड़ी गांव निवासी राजवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि परिवार के 13 वर्षीय अमन व 15 वर्षीय सौरभ गांव में हुई एक मौत में जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में गांव के ही दो युवकों ने अमन व सौरभ से बेवजह गाली गलौज की, विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की। जब इस बाबत आरोपितों के परिवार वालों से शिकायत की गई तो उन्होंने उल्टे उन्हें ही भला बुरा कहा। इतना ही नहीं आरोपित पक्ष के कई लोग लाठी डंडों व तमंचों से लैस होकर उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उस समेत परिवार का बिरमपाल, सौरभ व कार्तिक घायल हो गए। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उनकी जान बचाई। आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## महिलाओं के पर्स काटकर नकदी चोरी करने वाली आयशा का पुलिस ने किया चालान

**देवबन्द।** नगर के मीना बाजार से महिलाओं के पर्स काटकर नकदी चोरी करने वाली मोहल्ला लद्दावाला मुजफ्फरनगर निवासी सुरैया उर्फ आयशा का पुलिस ने बुधवार को चालान कर दिया।

मंगलवार को सुरैया को नगर के मीना बाजार में महिला का पर्स काटकर नकदी चोरी करते समय कुछ महिलाओं ने रंगे हाथ पकड़ लिया था। जिसे बाद में पुलिस के हवाले किया गया था। बुधवार को पुलिस ने महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार महिला शातिर चोर है, जिसके विरुद्ध जनपद मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में करीब 11 मामले दर्ज हैं। वहीं, दुक. ानदारों का कहना है कि सुरैया त्योहारों के अवसर पर नगर में आती है और महिलाओं के पर्स काटकर रुपये चोरी करती है। पूर्व में कई बार पकड़ी गई, लेकिन महिला होने की वजह से हर बार उसे छोड़ दिया था।

## बाइक ने टक्कर मारकर युवक को किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घलौली गांव निवासी बंटी उर्फ शिवकुमार गांव में किरयाना की दुकान चलाता है। बुधवार की शाम वह सामान लेने देवबंद आया था। गांव से वह एक बाइक पर लिफ्ट लेकर हाईवे स्थित पेट्रोल पंप के समीप उतरा था। इसी दौरान पीछे से आई तेज गति बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाइक चालक ने ही लोगों की मद्द से बंटी को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जिसे बाद में रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है, यदि घायल के परिवार. जनों की ओर से तहरीर दी जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्र पर मांस की दुकानों को बंद कराए जाने के लिए दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल) के कार्यकर्ताओं ने चौत्र नवरात्र पर नगर की मांस की दुकानों को बंद कराए जाने के लिए ज्ञापन दिया।

जिला मंत्री आकाश चौधरी के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि 19 मार्च से 01 अप्रैल तक नवरात्री पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान सिद्धपीठ श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में दर्शन के लिए नगर और देहात से ही नहीं दूसरें प्रांतों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। क्योंकि नवरात्र का पावन पर्व हिंदू समाज के लिए श्रद्धा एवं आस्था का विषय है इसलिए श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्थाओं के दृष्टिगत नगर के प्रमुख स्थानों एवं मार्गो पर स्थित मांस की दुकानोंको नवरात्र पर्व की अवधि तक बंद करने की व्यवस्था की जाए। जिससे नगर का धार्मिक सौहार्द बढ़ेगा एवं धार्मिकता और शांति का वातावरण बनेगा। इस दौरान आशीष रोड, अमित कुमार, रवि प्रताप सिंह, सुलेख गर्ग, पं. विशाल गर्ग, विजय प्रताप, हिमाशु, मोनिका एड., वरुण त्यागी, मनीष त्यागी, प्रदीप त्यागी, लवली, राकेश शर्मा और अक्षय सैनी आदि बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल रहे।



# एमएफआर स्कूल में रिजल्ट वितरण के दौरान नन्हे बच्चे को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एमएफआर मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ। इस दौरान मेधावी बच्चे पुरस्कृत हुए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

मुहल्ला पठानपुरा स्थित स्कूल में आयोजित हुए रिजल्ट वितरण कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम भाईचारा समिति के अध्यक्ष सलीम कुरैशी व कांग्रेस नेता राहत खलील ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों से इसी मेहनत व लगन के साथ आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। समाजसेविका इरम उस्मानी ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अंधकारमय है। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने का आह्वान किया। इस दौरान घोषित परीक्षाफल में उच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का मेडल व ट्राफी देकर उत्साहवर्धन किया गया। स्कूल संच. ालक खलील खान ने अतिथियों का आभार जताया।



# मांगों को लेकर भाकियू के कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**देवबन्द।** घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति सुचारू कराए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एसडीएम युवराज सिंह को ज्ञापन दिया।किसानों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि इन दिनों घरेलू गैस की भारी किल्लत बनी हुई है। गैस की कमी के कारण आम आदमी बेहद परेशान और सिलिंडर पाने के लिए लंबी लंबी लाइनों में लगने को मजबूर है। आरोप लगाया कि एजेंसी से सिलिंडर की कालाबाजरी की जा रही है। उन्होंने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की। यह भी कहा कि कुछ दिन पहले हुई आंधी व वर्षा के कारण गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है। प्रशासन को सर्वे कराकर पीडित किसानों को मुआवजा दिलाने का काम करना चाहिए। किसानों ने समितियों पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की भी मांग रखी। उन्होंने तहसील कर्मचारियों की भी शिकायत की और बताया कि तहसीलकर्मी आम जनता को परेशान कर रहे हैं। किसानों ने चेताया कि यदि शीघ्र मांगे पूरी नहीं हुई तो बैठक आयोजित कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष चौधरी ललित कुमार, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेखा बालियान, फरमान अली, केहर सिंह, पंकज कुमार, दानिश कुरैशी, रणवीर फौजी, योगेश कुमार, शहजाद, ब्रिज. ेश त्यागी आदि शामिल रहे।

## घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**धामपुर।** ग्राम सुहागपुर निवासी सुमन पत्नी दिनेश कुमार ने बताया कि उसके बेटे हेमंत और बहू कामिनी के बीच चल रहे विवाद के चलते 8 फरवरी की शाम आरोपियों ने रंजिशन उसके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि सलोनी, इशीका, विष्णुकांत और गोलू निवासी आजाद नगर कॉलोनी नगीना ने महिला को घर में अकेला पाकर गाली-गलौज की और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसका सिर दीवार से टकरा दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद आरो. पियों ने धमकी दी कि यदि किसी को बताया या रिपोर्ट की तो जान से मार देंगे। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कर मेडिकल कराया गया।

## एक नजर

### मांस की दुकानें बंद करने की मांग



**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुल नगर निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट वीरेंद्र राजपूत ने डीएम को प्रेषित पत्र में कल (आज) से शुरु हो रहे नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए मांस की दुकानें व होटल बंद कराए जाने की मांग की है। पत्र में कहा कि 20 मार्च से सनातन के पावन नवरात्र का प्रारंभ होने जा रहे है। सनातन समाज आस्था के साथ नौ दिन का उपवास रखते है। इन नौ दिनो में केवल फलाहार कर पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि तहसील सहित जनपद भर में सड़क किनारे मीट की दुकानें, होटल व बिरयानी आदि के ठेलों को पूर्णत: बन्द कराया जाए। ताकि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व जानबूझकर सड़क किनारे मुख्य चौराहों पर बिरयानी, कबाब के ठेले लगाते है, उन्हें रोका जाए। चांदपुर में तहसील से सड़क किनारे, गोकुलनगर, काजीजादगान, धनौरा रोड पर सभी मांस के होटलों की निगरानी की जाए।

### चांदी की मूर्ति व सिक्के चारी

**बिजनौर।** चांदपुर नगर के मौहल्ला कटारमल निवासी सदानंद धोडके पुत्र सुखदेव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ढाली बाजार स्थित उसकी दुकान में सोने, चांदी के आभूषण की गलाई व सफाई का कार्य होता है। चोरों ने दुकान से चांदी के तीन सिक्के व चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति चोरी कर ली, जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए है। दुकान स्वामी के अनुसार 23 अक्टूबर 2025 को भी उसकी दुकान में लगभग दो लाख रुपए की चोरी हुई थी।

### जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया




**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज की रासेयो छात्र एवं छात्रा इकाई द्वारा जल-जीवन मिशन के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत के निर्देशन में आयोजित संगोष्ठी में कालेज के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को जल संरक्षण की महत्ता बताते हुए भविष्य में होने वाली जल की कमी के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा वर्तमान पीढ़ी का यह नैतिक दायित्व है कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाएं। प्रो. दिनेश सिंह ने विभिन्न व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को जल बचाने के प्रति प्रेरित करते हुए आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं जागरूक बनें, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोड़ें। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने जल की एक-एक बूंद बचाने और समाज में जल संरक्षण का संदेश फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम में डा. ज्ञानेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, डा. अमित पुंडीर, रामविलास यादव, मौहम्मद सलीम आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### रहस्यमय परिस्थितियों में युवक गायब

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी लालजी का 36 वर्षीय पुत्र सीटू बीते एक सप्ताह से लापता है। बताया जाता है कि सीटू कभी-कभी शराब का सेवन करता था। जिसके चलते उसकी पत्नी और उसके बीच लड़ाई हो जाती थी। सीटू के पिता ने आरोप लगाया कि बीती भाई दूज को जब सीटू अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था तब उसकी पत्नी ने अपने भाई से सीटू की जमकर पिटाई कराई थी। साथ ही घर वापस आने के बाद उसकी पत्नी ने भी उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद सीटू क्षुब्ध रहने लगा था। बीते सप्ताह भी पति-पत्नी में झगड़ा होने के बाद सीटू घर से चला गया। पहले एक-दो दिन तो स्वयं आ जाने की आस पिता लगाते रहे उसके बाद सभी रिश्तेदारियों में फोन कर सूचना मांगी गई जहां पर भी सीटू की मौजूदगी नहीं मिली। एक सप्ताह बीत जाने के बाद हारकर बूढ़े पिता ने हीमपुर दीपा थाने को सूचना दी है। बूढ़े पिता ने सीटू की पत्नी और साले पर अपना शक जाहिर किया है।

### नवोदय में छात्रों का चयन होने पर सम्मान

**नहटौर।** प्राथमिक विद्यालय खेड़ी जट में जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और क्षेत्रवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विरेंद्र पाल सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय के शैक्षिक माहौल, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# जलीलपुर ब्लॉक के छात्रों ने लहराया परचम

## 23 छात्र-छात्राओं का नवोदय विद्यालय में चयन, चारूल की जिले में 5वी रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अस्सी सीटों के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2026 के घोषित परिणामों में 29 प्रतिशत सीटों पर ब्लॉक जलीलपुर ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। बीईओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि जलीलपुर ने अपने ही विगत कीर्तिमान को तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जलीलपुर ब्लॉक से 23 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

गौरतलब है कि मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा- 2026 का परिणाम जारी हुआ जिनमें कुल 80 सीटों में से अकेले जलीलपुर से ही 23 छात्रों का चयनित हुए जिनमें चारुल ने जनपद में शीर्ष 5 में स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा देव, फैसल, शौर्य, अंशिका सैनी, पंकज पाल, अरमान, सत्यम, मिनी, निशांत, यश आदि कुल 23 विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों से आह्वान किया कि अब आगे और अधिक मेहनत से अपने बच्चों की तैयारी कराएं ताकि अधिक से अधिक बच्चों का भविष्य जवाहर नवोदय विद्यालय जैसी नामचीन और प्रमुख संस्था में सुरक्षित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने इन सरकारी परिषदीय स्कूलों में समाज के अधिकतम छात्र छात्राएं अपवंचित समुदाय के निर्बल आय वर्ग के परिवारों से ही आते हैं जिनमें अपेक्षाकृत जागरुकता का प्राय: अभाव सा रहता है, लेकिन इन बच्चों का शिक्षकगण अपने श्रमसाध्य सतत प्रयासों से समुचित मार्गदर्शन व जीवन निर्माण कार्य कर रहे हैं।

नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026 में कुल 80 सीटों के सापेक्ष 23 छात्रों के चयन से 29 प्रतिशत सीटों पर अकेले जलीलपुर ने बाजी मारी, जबकि गत वर्ष 2025 में कुल 79 सीटों के सापेक्ष 19 छात्र जलीलपुर के थे तो 24 सीटों पर जलीलपुर को सफलता मिली थी। गत वर्ष जलीलपुर के दो छात्र कक्षा 9 में भी चयनित हुए थे।



# गैस किल्लत से बढ़ी महंगाई

## व्यापारियों व आम जनता पर दोहरी मार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की कमी का असर गहराता जा रहा है।

गौरतलब है कि गैस की अनियमित आपूर्ति के चलते जहां एक तरफ आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है वहीं दूसरी तरफ बाजार में महंगाई ने भी रफ्तार पकड़ ली है। हालात यह हैं कि रसोई से लेकर होटल-ढाबों तक हर स्तर पर इसका सीधा असर दिखाई देने लगा है। गैस की कमी के चलते कई परिवारों को मजबूरन लकड़ी, कोयला और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे न केवल लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है बल्कि ईंधन सामग्री की मांग बढ़ने से उनके दामों में भी तेजी आई है। पहले जो लकड़ी कम कीमत में आसानी से उपलब्ध हो जाती थी, अब वह ऊंचे दामों पर मिल रही है। जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के सामने अतिरिक्त आर्थिक बोझ खड़ा हो गया है। वहीं होटल और ढाबा संचालकों के सामने भी गैस संकट ने नई परेशानी खड़ी कर दी है। गैस सिलेंडर समय पर न मिलने और वैकल्पिक ईंधन के महंगे होने के कारण उनका खर्च बढ़ गया है। इसका सीधा असर ग्राहकों पर पड़ रहा है। नगर में कई स्थानों पर पहले 10रु. में मिलने वाली चाय अब 15रु. तक पहुंच गई है। इसके अलावा नाश्ते और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। व्यापारियों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण उन्हें मजबूरी में कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं। जबकि ग्राहक भी महंगाई से परेशान नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ आमजन का कहना है कि गैस की किल्लत ने घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है, यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में महंगाई और अधिक बढ़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि गैस आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारु किया जाए, ताकि आम जनता और व्यापारियों को राहत मिल सके।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सड़क पार कर रही महिला तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सफियाबाद मंदोरी निवासी भूरी (50 वर्ष) पत्नी कलवा किसी काम से पैदल जा रही थी। जैसे ही वह पूर्व ग्राम प्रधान नफीस अंसारी के घर के सामने सड़क पार करने लगी, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार वहां से फरार हो गया। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।



## नाबालिगों की लापरवाही बन रही हादसों की वजह

# युवा सर्राफा संघ के अध्यक्ष बने योगेश रस्तोगी

**शाह टाइम्स संसवाददाता**

**धामपुर।** नगर के फल चौराहा स्थित धर्मशाला में युवा सर्राफा व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से युवा सर्राफा संघ का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आपसी एकता, भाईचारा और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में एक मजबूत संगठन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सभी पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए संघ को मजबूत बनाने और सभी व्यापारियों को साथ लेकर चलने का आह्वान किया।

सर्वसम्मति से योगेश रस्तोगी अध्यक्ष, विष्णु अग्रवाल उपाध्यक्ष, मोहित अग्रवाल महासचिव, राम अग्रवाल सचिव एवं अर्पित सिंघल कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा विशेष सलाहकार सदस्यों में शिवम अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, पंकज मल्होत्रा, विशाल गुप्ता, प्रतीक बंसल, नमन सिंघल, रजत मित्तल, आयुष अग्रवाल, मानस अग्रवाल, विपुल गर्ग, पुनीत गर्ग एवं अमित गोयल को शामिल किया गया।

संघ के सदस्यगण में विवान प्रकाश, राघव अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, अमन सिंघल, पंकज अग्रवाल, दीपांशु बंसल, प्रफुल्ल बंसल, रजत मित्तल, अंशुल अग्रवाल, रानू अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, हर्ष रस्तोगी, यश रस्तोगी, पुलकित मित्तल, मोनल गुप्ता, विजय रस्तोगी, अजय रस्तोगी, राहुल अग्रवाल, अनुभव बंसल, कुशल अग्रवाल, सुमित गोयल, नीरज खंडेलवाल, केशव अग्रवाल, माधव वर्मा, नवीन वर्मा, नितिन कुमार, फ्रुल्ल वर्मा, अभय वर्मा एवं श्रेष्ठ अग्रवाल शामिल हैं।

अंत में सभी पदाधिकारियों ने कहा कि युवा सर्राफा संघ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, आपसी समन्वय और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित संघ को सफल बनाने का संकल्प लिया।



## आपसी एकता व सहयोग पर जोर

# उत्तम नगर दिल्ली कांड पर भाजपा राजनीति करके माहौल खराब करने से बाज आए : धीरेन्द्र प्रताप

**कालागढ़।** उत्तम नगर दिल्ली में एक हिंदू युवक की हत्या को लेकर भाजपाइयों द्वारा वोटों का ध्रुवीकरण करने की राजनीति कर रखी है। वहीं उन्होंने भाजपा के इरादों की कड़ी निन्दा की है। कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता उत्तराखंड धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि वहां पर एक समुदाय के कई लोगों को गिरफ्तार कर रमजान व ईद के नजदीक कई बेकसूर लोगों को जेलों में बन्द कर दिया है। ऐसी स्थिति में कानून अपना काम सही से नहीं कर रहा है। परंतु भाजपा के इशारे पर कानून को नचाया जा रहा हैं।

कानून का भाजपा राजनी. तिकरण करने में लगी हुई हैं। कई भाजपा के राजनेता यह कहने लगे हैं कि ईद के मौके पर रंग में भंग डालकर होली मनाएंगे। यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। कानून को राजनीति के चक्कर में न आकर कानूनी प्रकिया को ठीक से किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने दिल्ली उत्तम नगर कांड में युवक की हत्या की कठोर निंदा की है। लेकिन साथ ही यह भी कहा कि यदि शासन और सरकार लोगों को गिरफ्तार कर लेती है, तो उसके बाद न्यायालय की प्रक्रिया पर ध्यान देना अति आवश्यक है। वहीं उन्होंने तमाम समुदायों से ईद के मौके पर भाईचारा कायम रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत मां के चार सिपाही हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई यदि उनमें कभी विवाद भी हुआ, तो कभी आपसी भाईचारा व कभी कानूनी प्रकिया से मामले का निस्तारण होता रहा है।

# ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की रासेयो छात्र इकाई का छठा दिन ग्राम सरकड़ा (चकराजमल) में कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ के नेतृत्व में 'सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम' थीम पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन की भांति प्रात:कालीन योगाभ्यास से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव की सड़कों पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। नाश्ते में स्वयंसेवकों ने पौष्टिक आहार के रूप में चना तैयार कर सामूहिक रूप से ग्रहण किया। द्वितीय सत्र में आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान आपदा मित्र स्वयंसेवक प्रीत चौहान एवं उनकी टीम ने मॉक ड्रिल के माध्यम से दुर्घटना या आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता, प्राथमिक उपचार एवं बचाव के व्यावहारिक उपायों का प्रदर्शन किया, जिससे स्वयंसेवकों को आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि 'सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। आज देश में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं, जिनसे बचाव के लिए जागरुकता के साथ-साथ अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन करके हम अनेक कीमती जिंदगियों को बचा सकते हैं। साथ ही, आपदा के समय घबराने के बजाय सही जानकारी और प्राथमिक उपचार का ज्ञान हमें स्वयं के साथ-साथ दूसरों की भी सहायता करने योग्य बनाता है। रासेयो स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे समाज में जागरुकता फैलाकर एक सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिकता का निर्माण करें।' इस मौके पर आरएसएम कॉलेज से पंकज कुमार, प्रेम राज सिंह, सुनील कुमार, मलखान सिंह, सुंदर सिंह बिष्ट, ग्रामवासी एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र आशिक कुमार व उसकी पत्नी नागिता मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा उनके गलत आचरण के कारण मैंने दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कार्य के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे

भोपाल पुत्र रामचन्द्र
निवासी ग्राम मानकी
थाना देवबंद जिला सहारनपुर

# करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था मां शाकम्भरी देवी मंदिर

**शेख सत्तार**

**बेहट।** शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित 51 सिद्धपीठ में से एक उत्तर प्रदेश के विख्यात सिद्धपीठ मां श्री शाकंभरी देवी मंदिर देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मान्यता है यहां शीश नवाने वाले श्रद्धालु सर्व सुख संपन्न हो जाते हैं।

श्री शाकंभरी देवी का उल्लेख मार्कंडेय पुराण, दुर्गा सप्तसती, पदम पुराण, कनकधारा स्रोत आदि में मिलता है। मंदिर गर्भ ग्रह में माता शाकंभरी के साथ भीमा देवी, भ्रामरी व शताक्षी देवी सहित गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है। इस पावन तीर्थ स्थल के निकट गौतम ऋषि की गुफा, प्रेतशिला, पंच महादेव के रूप में बड़केश्वर महादेव, मटकेश्वर महादेव, शाकेश्वर महादेव, कमलेश्वर महादेव, इंद्रेश्वर महादेव के भव्य मंदिरों के अलावा भूरादेव मंदिर, छिन्नमस्ता देवी मंदिर, रक्तदंतिका मंदिर आदि पवित्र स्थल स्थित है। सिद्धपीठ परिक्षेत्र से करीब



5 किलोमीटर दूर पहाड़ियों पर सहश्रा ठाकुर मंदिर स्थापित है। यह मंदिर प्राचीन काल में एक ही पत्थर तराश कर बनाया गया है। मुख्य मंदिर के निकट वीर खेत के नाम से प्रसिद्ध एक मैदान है। इस मैदान की मान्यता है कि माता श्री शाकंभरी देवी ने यहां महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था।

सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर हलवा पूरी, इलायची दाना, नारियल चुनरी, मेवे और मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया जाता है। हालांकि वेदों में मान्यता है कि सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी का प्रमुख प्रसाद सराल है, जो शिवालिक पहाड़ियों पर ही उगता है। मान्यता है कि देवताओं की भूख मिटाने के लिए मां शाकंभरी देवी ने शाक सराल आदि फल उत्पन्न किए थे, इसलिए सराल यहां का मुख्य प्रसाद माना जाता है।

जनश्रुति है कि देवताओं एवं दैत्यों के बीच चल रहे युद्ध के दौरान धर्म की रक्षा के लिए मां भगवती का परम भक्त भूरादेव अपने साथियों के साथ युद्ध में उतरा था। युद्ध के दौरान अपने भक्त भूरादेव को घायल देखकर करुणामई माता ने भूरादेव को वचन दिया था कि जो भक्त मेरे दर्शन से पूर्व तुम्हारे दर्शन नहीं करेगा उसकी यात्रा पूर्ण नहीं होगी। यही कारण है कि श्रद्धालु सर्वप्रथम बाबा भूरादेव की पूजा अर्चना करने के बाद ही माता श्री शाकंभरी देवी के दर्शन करते हैं।

सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में वर्ष में तीन भव्य मेलों का आयोजन किया जाता है। जिनमें शारदीय नवरात्र, चौत्र नवरात्र एवं होली पर्व पर लगने वाला मेला मुख्य है। कल (आज)से चौत्र नवरात्र मेलाप्रारंभ हो चूका है। यह मेला प्रथम नवरात्र से लेकर चतुर्दशी पर्व तक चलेगा। इस मेले में उत्तर प्रदेश,हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड आदि प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

राणा परिवार के द्वारा मेले की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मेले पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर व्यवस्थापक कुंवर आतुल्य प्रताप राणा परिवार के द्वारा सिद्ध पीठ माता शाकुंभरी देवी देवी दर्शनों को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए समस्त व्यवस्थाएं चाक चौबंद करा दी गई है।

माता के मन्दिर को सुन्दर सुन्दर भव्य बिजली की लाइटों से सजाया गया है।श्रद्धालुओ की रात्रि में ठरने की व्यवस्था भी राणा परीवार द्वारा धर्मशाला में कराई गई है।

# नवरात्र में मीट की दुकानें बंद कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** आगामी चौत्र नवरात्र और प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मेले के अवसर पर क्षेत्र की धार्मिक मर्यादा बनाए रखने के लिए हिंदू संगठनों ने बुधवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें नवरात्र के दौरान मीट की दुकानों को पूर्णत बंद रखने और क्षेत्र की अन्य अव्यवस्थाओं को सुधारने की पुरजोर मांग की गई।



विहिप के जिला मंत्री योगेश चौहान तथा बजरंग दल के जिला संयोजक अनुज सैनी के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने एसडीएम मानवेन्द्र सिंह को ज्ञापन दिया जिसे में कोबताया कि 19 मार्च से चौत्र नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है। इस दौरान मां शाकंभरी देवी के दर्शन के लिए न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड जैसे पड़ोसी राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु बेहट मार्ग से होकर गुजरते हैं। कार्यकर्ताओं का तर्क है कि श्रद्धालुओं की आस्था और क्षेत्र की पवित्रता को देखते हुए इस मार्ग और आस-पास के क्षेत्रों में मीट की दुक. ानों का संचालन बन्द कराया जाएं ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने प्रशासन का ध्यान बेहट एवं मिर्जापुर स्थित शाकंभरी तिराहे पर लगने वाले भीषण जाम की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि तिराहे पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ता है।

इस दौरान अनुज सैनी, मनीष योगाचार्य, हरीश कौशिक, विनीत कुमार, सोनू वर्मा, सचिन पाल, सुमित योगी, रक्षित राणा, अभिषेक चौहान, शेखर, सनी कुमार, रितिक, पंकज कुमार और अमित मौजूद रहे।

# तीन छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** ब्लाक नागल के परिषदीय विद्यालयों के तीन छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय में होने तथा प्राथमिक विद्यालय कपूरी गोविंदपुर के छात्र अनिरुद्ध कुमार द्वारा नवोदय विद्यालय परीक्षा में जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक नागल अध्यक्ष स्वतंत्र चौधरी ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।



ब्लाक अध्यक्ष स्वतंत्र चौधरी ने बताया कि मेधावी छात्र अनिरुद्ध कुमार पुत्र अनिल कुमार, प्राथमिक विद्यालय मंझौल की छात्रा निहारिका पुत्री अजय कुमार व प्राथमिक विद्यालय पठोडी बक्काल के छात्र अनन्त कुमार पुत्र संदीप कुमार का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। छात्र छात्राओ की यह उपलब्धि उनके कठोर परिश्रम, लगन एवं समर्पण का परिणाम है। इस शानदार सफलता के लिए हम छात्र, छात्राओं,शिक्षकों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। भविष्य मे भी हमारे ब्लाक के छात्र छात्राएं इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जिस तरह से परिषदीय विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है वह भी सराहनीय है।

# वार्षिकोत्सव पर मेधावी बच्चे सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** राजकीय महाविद्यालय में षोडश वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावी छात्रो को पुरस्कार वितरित किये गये। छात्रो ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमो से अतिथियो का मन मोह लिया।



नगर के राजकीय महाविद्यालय मे आयोजित षोडश वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्यअतिथि डॉ राजीव कुमार व कालेज प्राचार्य डॉ प्रविन्द्र कुमार ने सयुक्त रूप से मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रवज्जलित व माला अर्पण कर किया। कालेज प्राचार्य डॉ प्रविन्द्र कुमार व डॉ मनीष कुमार ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्यअतिथि डॉ राजीव कुमार ने कहा कि हर व्यक्ति में हर क्षेत्र मे सफल होने की काबिलियत होती है, बस सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। कालेज प्राचार्य डॉ प्रविन्द्र कुमार ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करके जो छात्र आगे बढते है उन्हे सफल होने से कोई नही रोक सकता। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किये गये। कालेज के क्रीडा प्रतियोगिता में छात्र चैम्पियन व छात्रा चौम्पियन को ट्राफी प्रदान की गई व कालेज स्तर पर विभिन्न विषयो की परीक्षाओ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो व प्रतियोगिताओ मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो को पुरस्कार देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम का संचालक कार्यक्रम सचिव डॉ गरिमा चौधरी ने किया। इस अवसर पर डॉ मनीष कुमार, डॉ राजेश कुमार, डॉ कुलदीप सिंह, डॉ प्रमोद चौहान, डॉ इन्दू, डॉ रेणू जैन, रीना आर्या, विकास शर्मा, सुन्दर लाल, ओमपाल, गोविन्दा आदि मौजूद रहे।

## बालक लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत भगवती काला. ेनी क्षेत्र के एक 15 वर्षीय बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर आसपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पुलिस से मिले और लापता युवक की सकुशल बरामदगी की मांग की गयी।

भगवती कॉलोनी क्षेत्र में विगत 17 मार्च को एक 15 वर्षीय बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालक आशा मॉडर्न स्कूल के पास से अचानक लापता हो गया, जिससे क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही देर रात आजाद समाज पार्टी युवा मोर्चा की टीम परिजनों के साथ सदर बाजार थाना पहुँची। टीम ने पुलिस प्रशासन से मुलाकात कर मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने की मांग की।

# नहीं टूट रही चौकी इंचार्ज की गहरी नींद

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। थाना फतेहपुर क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में नशे का कारोबार दिन-दहाड़े खुलेआम चल रहा है विश्वसनीय सूत्रों और स्थानीय ग्रामीणों जिन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बात की के अनुसार चरस, स्मैक और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी बेधड़क हो रही है। चौकी बड़कला के इंचार्ज पर आरोप है कि वे इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। विगत दिनों फतेहपुर थाना पुलिस ने 198.20 ग्राम अवैध चरस के साथ एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया था, लेकिन उसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया तस्करों का दबदबा बढ़ता जा रहा है और वे बिना डर के कारोबार चला रहे हैं।



ऑपरेशन सवेरा जैसे अभियानों के बावजूद चौकी इंचार्ज स्थानीय भाषा में जिन्हें कुम्भकरन कहा जा रहा है नशा तस्करी पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर उच्चाधिकारियों के आद. ेशों के बाद भी जमीनी स्तर पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही क्या चौकी प्रभारी की कार्यक्षमता पर सवाल है या कोई मिलीभगत क्षेत्र में नशे का यह खुला खेल पुलिस की मौन सहमति के बिना संभव नहीं लगता जनता में गुस्सा बढ़ रहा है क्योंकि सहारनपुर पुलिस अन्य थानों में नशा तस्करों के खिलाफ हर दिन बड़ी बड़ी कार्रवाई कर रही है लेकिन छुटमलपुर में स्थिति जस की तस बनी हुई है

पिछले एक महीने में चौकी बड़कला क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक चोरियां हुई हैं जिनमें किसानों के ट्यूबवेल दुकानों मंदिरों और घरों को निशाना बनाया गया इनमें से किसी का भी खुलासा नहीं हुआ ग्रामीणों का मानना है कि ये चोरियां नशेड़ी युवाओं द्वारा नशे की लत पूरी करने के लिए की जा रही हैं नशे के लिए पैसे जुटाने के चक्कर में युवा अपराध की राह पर चल पड़े हैं जिससे परिवार टूट रहे हैं और समाज में अराजकता फैल रही है पुलिस की गश्त महज दिन के समय दिखावटी और फोटो सेशन तक सीमित नजर आ रही है जबकि रात में इलाका सन्नाटे में डूबा रहता है। सहारनपुर पुलिस द्वारा जिले के अन्य हिस्सों में ऑपरेशन सवेराश के तहत दर्जनों तस्कर गिरफ्तार किए जा रहे हैं और करोड़ों का नशा जब्त हो रहा है लेकिन छुटमलपुर जैसे कस्बे में समस्या क्यों बढ़ रही है।

## दुष्कर्म मामले का वांछित पकड़ा

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक वांछित आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर व उपनिरीक्षक संजय राणा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक वांछित आरोपी अब्दुल्ला पुत्र आदिल निवासी ग्राम रमजानपुर थाना देहात कोतवाली को मढ़ तिराहे के पास से दबोच लिया। गौरतलब है कि विगत 22 अगस्त 2025 को वादी ने लिखित तहरीर देकर दबोचे गए आरोपी अब्दुल्ला ने वादिया की पुत्री की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# विधायक चौ.किरत का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नगर में सरकार द्वारा नवनिर्वाचित नगर पंचायत नामित सदस्यों ने भाजपा जिलाध्यक्ष राज्यमंत्री व विधायक का आभार व्यक्त किया

सरकार द्वारा नगर निकायों में नामित सदस्यों कि घोषणा कि गई इसी कड़ी में नानौता नगर पंचायत में भी अंकुर जैन, नक्कल सैनी, व प्रेमपाल शर्मा को सभासद नामित किया गया। सभासद अंकुर जैन, नक्कल सैनी, प्रेमपाल शर्मा ने भाजपा हाईकमान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता रोबिन जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, खुशीराम कश्यप, सचिन सिंघल, गुलशन गर्ग, आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं भाजपा द्वारा रक्षा नामदेव को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं द्वारा डाक्टर एनसी शर्मा के आवास पर उनका स्वागत किया गया। मुख्य रूप से व्यापारी नेता राजीव नामदेव, वरिष्ठ भाजपा नेता खेमचंद कश्यप, मंडल अध्यक्ष विजयपाल चौहान, मांगेराम शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष दर्शन लाल, महामंत्री शिवकुमार राणा,, प्रदीप कुमार, सभासद तेजपाल, सभासद राजपाल, ईश्वर शर्मा, अशोक शर्मा,नीरज शर्मा, अमित नामदेव, सुनील नामदेव, मदन कश्यप आदि मौजूद रहे



# अनदेखी पर बना आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना में शासन द्वारा जारी की गई नामित सभासद की सूची में स्वर्ण व दलित समाज को स्थान न मिलने से स्वर्ण व दलित समाज में भाजपा के प्रति गहरी नारा. जगी देखने को मिल रही है।

ज्ञात हो कि कल सोमवार को शासन द्वारा सभी नगर निकायों में नामित सभासदों की सूची जारी की है। सुल्तानपुर चिलकाना नगर पंचायत में जहां सैनी समाज से दो लोगो को सदस्य नामित किया गया है वहीं कश्यप समाज से भी एक सदस्य मनोनीत किया गया है। जबकि स्थानीय राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा कयास लगाए जा रहे थे कि इस सूची में स्वर्ण व दलित समाज से भी एक एक नाम जरूर आएगा। लेकिन सूची में स्वर्ण व दलित समाज से कोई नाम शामिल नही किया गया।

शासन के इस निर्णय से स्वर्ण व दलित समाज में पार्टी के प्रति गहरी नाराजगी पनप रही है। स्वर्ण व दलित समाज के लोगों ने इस निर्णय को अपने समाज के प्रति उपेक्षा बताते हुए भाजपा के प्रति अपना रोष व्यक्त किया है। नगर में समाज के प्रमुख लोगों का कहना है कि नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के निकाय चुनाव में समाज का ज्यादतर रुझान भाजपा के प्रति रहा। इसके बावजूद नामित सदस्यों की सूची में स्वर्ण व दलित समाज के किसी भी व्यक्ति को शामिल न करना उनके समाज की अनदेखी को दर्शाता है।

समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि जल्द ही इस विषय पर उचित निर्णय लेकर समाज के लोग आगे की रणनीति तय करेंगे।उन्होंने शासन व पार्टी नेतृत्व से मांग की है कि नगर पंचायत में समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए।

# मुठभेड़ में ढेर हुआ एक लाख का ईनामी शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर व फतेहपुर पुलिस की बदमाश के बीच शेरपुर पेलो के जंगल मे हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी और हिस्ट्रीशीटर बदमाश शहजाद मारा गया। घटना उस समय हुई जब सहारनपुर पुलिस वांछित अपराधियों की तलाश में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पेशेवर गौकश शहजाद क्षेत्र में मौजूद है।



पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जैसे ही संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, उसने खुद को घिरता देख पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें शहजाद गोली लगने से घायल हो गया। मुठभेड़ के दौरान दो सिपाही कुलदीप और सुमेंद्र भी घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घायल बदमाश शहजाद को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शहजाद सहारनपुर के थाना फतेहपुर क्षेत्र के गांव गन्देवड़ा का रहने वाला था और उसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में कुल 44 मुकदमे दर्ज थे। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उस पर 1 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहजाद एक शातिर और पेशेवर गौकश था, जो कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। मुठभेड़ के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

एसएसपी ने पुलिस टीम की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**पुलिस के हत्थे चढ़ा एक वारंटी आरोपी: सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक कुलवंत सिंह मलिक के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान 1 वारंटी आरोपी अंकित पुत्र राजू निवासी मानकमऊ थाना कुतुबशेर को मानकमऊ से गिरफ्तार कर लिया। दबोचा गया वाद संख्या-650/6/21 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कुतुबशेर में न्यायालय से वांछित चल रहा था।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र समीर व पुत्रवधु अन्जुम को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौ.जुबैर पुत्र मौ.मुस्लिम निवासी एकता कालोनी, थाना कुतुबशेर, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सावेज व पुत्रवधु मुस्कान को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**याद हसन पुत्र शरीफ निवासी म.नं.4 बाजोरिया रोड, दाबकी जुनारदार, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर।**

# ईदगाह में व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** चेयरपर्सन, अधिशासी अधिकारी व कुलदीप बालियान ने ईदगाह कमेटी के साथ ईदगाह की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

चेयरपर्सन श्रीमती रेणु बालियान, अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा व चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने काजी नदीमुल हक,काजी अदील फारूकी,हाजी जरीफ मलिक आदि के साथ ईदगाह की व्यवस्थाओं तथा ईदगाह आने जाने वाले मार्गो का निरीक्षण किया। चेयरपर्सन श्रीमती रेणु बालियान व प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि ईद खुशियों का त्यौहार है।उन्होंने कहा कि ईद की नमाज के समय वह स्वयं अपनी टीम के साथ ईदगाह पर ही रहेंगे। काजी नदीमुल हक ने कहा कि हमेशा की तरह ईद उल फितर का त्यौहार पुरअमन तरीके से मनाया जाएगा। इस दौरान आस मोहम्मद सैफी,सभासद नफीस सैफी, नदीम अहमद, सांसद प्रति. निधि खलील अहमद,हाजी जरीफ अहमद,हाजी इस्लाम सैफी, आदि मौजूद रहे।

**चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त: सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल द्वारा जनपद से जारी ठेकेदारी के लिए चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त किया गया।

श्रीमती सविता सिंघल पत्नी रविन्द्र कुमार सिंघल निवासी मदनपुरी काला. ेनी निकट पार्क थाना मण्डी तहसील व जिला सहारनपुर के चरित्र प्रमाण हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 11 जुलाई 2024 पर उपजिलाधिकारी सदर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर से आख्या संस्तुति सहित प्राप्त होने के उपरान्त चरित्र प्रमाण पत्र 10 अक्टूबर 2024 को इस शर्त के साथ जारी किया गया था कि यह प्रमाण पत्र दो वर्ष के लिये मान्य होगा।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल द्वितीय, सहारनपुर

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

निविदा सं. एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 61/डब्लू/2025-26:- वि.वि.उप.-नानौता के कार्यक्षेत्र में 33/11 के.वी. उपकेन्द्र बडगांव पर स्थापित 02 नं. एम.वी.ए. पावर परिवर्तको की लीकेज बन्द करना व 01 नं. 10 एम.वी. पावर परिवर्तक की आयॅल सैन्ट्रीफ्यूजिंग करने का कार्य (निविदा मूल्य रू. 1180.00 धरोहर राशि रू. 2000.00 मात्र)
2. 62/डब्लू/2025-26:- वि.वि.ख.बलियाखेडी के कार्यक्षेत्र मे विभिन्न 33/11 के.वी. उपकेन्द्रो व 11 के.वी. व 33 के.वी. पोषको पर लगे एक्स.एल. पी.ई. केबिलो के क्षतिग्रस्त होने पर बदलने सम्बन्धित रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। (निविदा मूल्य रू. 1180.00 धरोहर राशि रू. 5000.00 मात्र)

अल्पकालीन ई-निविदा की अंतिम तिथि: 02.04.2026 समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर**

पत्रांक: कृ०उ०म०स०/दु०आ०/2026-मेमो
दिनांक 16/03/2026

**रिक्त दुकानो की नीलामी सम्बन्धी सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के नवीन मण्डी स्थल, सहारनपुर के बाहर की ओर 62 फुटा रोड पर सुपर मार्केट (कृषक बाजार) की 20 नग दुकानो का आवंटन की तिथि 18.03.2026 समय दोपहर 12:00 बजे नियत थी, जो अपरिहार्य कारणवश निरस्त करते हुए पुनः दुकानो का आवंटन किये जाने हेतु आवेदको के मध्यम खुली नीलामी पद्धति के द्वारा दिनांक 24.03.2026 की दोपहर 12:00 बजे मण्डी समिति, सहारनपुर के सभागार में निर्धारित नियमो/शर्तो पर दुकानें आवंटित करने की कार्यवाही की जायेगी। 20 नग दुकानो मे अनुसूचित जाति हेतु दुकान संख्या/क्रमांक 141, 145, 149, 153 व 159, अनुसूचित जन जाति हेतु दुकान संख्या / क्रमांक 147, अन्य पिछडा वर्ग हेतु क्रमांक 143, 151, 155 व 157, अनारक्षित वर्ग क्रमांक 142, 144, 146, 148, 152, 154, 156, 158 एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु दुकान संख्या 150 व 160 आरक्षित है। दुकानों के आवंटन हेतु प्रथम बोली निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम 21,04,000/- (रूपया इक्कीस लाख चार हजार) से प्रारम्भ की जायेगी। आवेदन पत्र के साथ कृषक बाजार की दुकान हेतु पंजीकरण शुल्क की धनराशि 2,10,000.00 (रूपया दो लाख दस हजार) मात्र का बैक ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर जो ए.पी.एम.सी. सहारनपुर के पक्ष मे एवं सहारनपुर पर देय हो, संलग्न कर 23.03.2026 की सांय 04:00 बजे तक कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के कार्यालय मे जमा करना होगा। आवेदन पत्र मण्डी समिति, सहारनपुर के कार्यालय मे दिनांक 23.03.2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है । दिनांक 23.03.2026 की सांय 04:00 बजे के पश्चात् कोई आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। आरक्षित वर्ग के आवेदको को जाति प्रमाण-पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदको को आलोच्य अवधि का ई0डब्लू0एस प्रमाण-पत्र तथा समस्त आवेदको को आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की स्वः प्रमाणित प्रति अपने आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी ।

समस्त नियमों/शर्तो को किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा/पढ़ा जा सकता है तथा अन्य जानकारी समिति कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। दुकानों का आवंटन स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार दुकान आवंटन समिति के अध्यक्ष मे निहित होगा।

सचिव
नगर मजिस्ट्रेट/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर

# मिशन शक्ति और महिला सुरक्षा अभियान के दावे की खुल रही पोल

### जमीनी हकीकत में पुलिस कार्यप्रणाली पर उठते सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरों**

**शामली।** सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर (मिशन शक्ति) जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देना, उन्हें जागरूक बनाना और अपराधों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। प्रदेशभर में समय-समय पर जागरूकता रैलियां, महिला हेल्प डेस्क की स्थापना और त्वरित पुलिस सहायता जैसी पहलें भी की जा रही हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर कई घटनाएं इन दावों की हकीकत पर सवाल खड़े करती नजर आ रही हैं।

थाना भवन क्षेत्रा के एक गांव की घटना ने इस अंतर को उजागर किया है। एक युवती के साथ पहले छेड़छाड़ की घटना हुई, जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेजा। यह कदम मिशन शक्ति के तहत पुलिस की तत्परता को दर्शाता है। लेकिन वही आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद दोबारा पीड़िता को परेशान करने लगे और उसके परिवार व गवाहों को धमकियां देने लगे। पीड़िता द्वारा डायल 112 पर सूचना देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज किया गया, लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर जमानत पर छूटने के बाद आरोपियों की निगरानी क्यों नहीं की गई? मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिया जाता है, लेकिन जब आरोपी खुलेआम दोबारा अपराध करने लगें, तो यह पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि केवल मुकदमा दर्ज करना और गिरफ्तारी कर लेना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ ही पीड़िता और गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखना और पुनरावृत्ति रोकना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। कई मामलों में यह देखा गया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त निगरानी और प्रभावी कार्रवाई के अभाव में पीड़ित पक्ष लगातार डर के साए में जीता है। मिशन शक्ति जैसे अभियानों की सफलता तभी संभव है, जब उनके उद्देश्यों को धरातल पर पूरी गंभीरता से लागू किया जाए। पुलिस को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और सक्रिय बनने की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं को वास्तव में सुरक्षित वातावरण मिल सके।

यह घटना न केवल पुलिस व्यवस्था की कमियों को उजागर करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकारी योजनाओं और वास्तविक क्रियान्वयन के बीच की खाई को पाटना कितना जरूरी है। जब तक इस दिशा में ठोस सुधार नहीं होते, तब तक मिशन शक्ति जैसे अभियान अपने पूर्ण उद्देश्य को हासिल नहीं कर पाएंगे।

## जेल से छूटने के बाद दबंगों ने युवती के साथ की छेड़छाड़

- **दबंग युवती के परिजनों व गवाह को दे रहे है धमकी**
- **पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव जाफरपुर निवासी एक युवती ने थानाभवन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि अगस्त 2025 में गांव के ही अमित, मोनू, रविकांत,अंकित, व मनोज ने उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद पांचो आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद जेल चले गए थे स अब वह जमानत पर बाहर आने के बाद पांचो आरोपियों ने उपद्रव मचाना शुरू कर दिया है। 17 मार्च 2026 को उक्त लोगों ने दोबारा उसके साथ गलत भाषा का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ की कोशिश की उसके चाचा के आने पर यह लोग भाग गए। घटना की सूचना उसने तुरंत 112 पर दी सूचना पर पहुंची। पुलिस ने गांव में जाकर घटना की जानकारी ली। युवती का आरोप है कि उक्त लोग बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं। यह लोग ज़मानत पर गांव मे आकर उसके भाई, पिता व गवाह को धमकी देकर मुकदमा वापस करने का दबाव बना रहे हैं। उक्त लोगों से उसके परिजनों व गवाह को जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मौलाना के खिलाफ प्रदर्शन कर फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर में बुधवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मौलाना के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार, संगठन के पदाधिकारी सबसे पहले शहर के विजय चौक पर एकत्रित हुए। वहां से उन्होंने पैदल मार्च शुरू किया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ शिव चौक पर जाकर समाप्त हुआ। मार्च के दौरान कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े और आरोपी मौलाना के खिलाफ आक्रोश जताया। शिव चौक पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने मौलाना सलीम का पुतला दहन किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन पुलिस को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस तरह की मानसिकता फैलाने वाले व्यक्तियों के डिजिटल प्लेटफार्म को बंद करने की भी मांग उठाई गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अन्य मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने तरुण खटीक हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। इसके अलावा आगामी नवरात्रों के दौरान मांस और मदिरा की दुकानों को बंद कराने की मांग भी रखी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे गांव-गांव जाकर समाज को एकजुट करेंगे और बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विरोध केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज में फैल रही गलत मानसिकता के खिलाफ है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मिथुन सिरोही सहित सागर, दिनेश कुमार, वाशु और अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित रखा और ज्ञापन प्राप्त कर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया।




# गन्ना फसल के बचाव को लेकर दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर दोआब शुगर मिल्स के मिल क्षेत्र में गन्ना फसल को नुकसान पहुंचाने वाले टाप बोरर कीट की रोकथाम को लेकर किसानों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। बुधवार को वैज्ञानिकों और मिल अधिकारियों की टीम ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर गन्ना फसल का निरीक्षण किया और किसानों को कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीके बताए।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) डा. एसके पाण्डे ने गन्ना प्रजनन संस्थान की टीम और गन्ना संघ के निदेशक लवली मलिक के साथ ग्राम गौहरपुर में खेतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टाप बोरर की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया और किसानों को इसके प्रभाव और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डा. एसके पाण्डे ने बताया कि टाप बोरर कीट उत्तर भारत में गन्ने की फसल के लिए एक अत्यंत खतरनाक कीट है। यह कीट मार्च माह से सक्रिय होना शुरू हो जाता है और अप्रैल तथा मई में इसका प्रकोप तेजी से बढ़ जाता है। उन्होंने समझाया कि बढ़ते तापमान के साथ इसका लार्वा गन्ने के तनों के अंदर प्रवेश कर जाता है और अंदर ही अंदर फसल को नुकसान पहुंचाता है। बाद में यह तितली के रूप में बाहर निकलता है, जिससे इसकी संख्या और तेजी से बढ़ती है। किसानों को सलाह दी गई कि इस कीट से बचाव के लिए फेरोमोन ट्रैप का उपयोग अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि हर 30 दिन में ट्रैप का ल्यूर बदलना जरूरी है और उसमें समय-समय पर पानी डालते रहना चाहिए, ताकि कीट प्रभावी रूप से नियंत्रित हो सके। इस दौरान मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना दीपक राणा ने किसानों को व्यावहारिक सुझाव देते हुए कहा कि सुबह के समय खेतों में जाकर तितलियों को पकड़ें और जिन पत्तियों पर अंडे दिखाई दें, उन्हें तोड़कर नष्ट कर दें। इससे कीट के फैलाव को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने वैज्ञानिकों से सवाल पूछे और अपनी समस्याएं साझा कीं। इस पहल से किसानों में जागरूकता बढ़ी और उन्हें फसल सुरक्षा के बेहतर उपायों की जानकारी मिली, जिससे भविष्य में गन्ना उत्पादन को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।



# चैत्र नवरात्र आज से शुरू, बाजारों में दिखी रौनक

### मंदिरों में बढ़ी तैयारियां, महंगाई का भी दिख रहा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आस्था और श्रद्धा का पर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहा है। इसे लेकर शहर में भक्तिमय माहौल बन गया है। श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और देवी पूजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। एक ओर बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है, वहीं दूसरी ओर मंदिरों में साफ-सफाई और सजावट का कार्य तेज हो गया है। हालांकि इस बार बढ़ती महंगाई ने श्रद्धालुओं की जेब पर असर जरूर डाला है।

नवरात्र के नौ दिनों में श्रद्धालु माता रानी को प्रसन्न करने के लिए कलश स्थापना, अखंड ज्योति, दुर्गा सप्तशती पाठ और माता की चौकी जैसे धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही पूजा-अर्चना का शुभारंभ होगा। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल बढ़ गई है। विशेषकर महिलाओं की भीड़ पूजा सामग्री की दुकानों पर देखी जा रही है। श्रद्धालु कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप-बत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी और कपूर सहित विभिन्न पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। इसके साथ ही व्रत के दौरान उपयोग में आने वाली सामग्री जैसे कुटू का आटा, सिंघाड़े का आटा, साबूदाना, फल और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ नजर आ रही है। हालांकि इस बार व्रत में उपयोग होने वाली सामग्री के दामों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। कुटू और सिंघाड़े के आटे से लेकर फल और घी तक की कीमतों में इजाफा हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। बावजूद इसके लोगों की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं आई है और वे पूरे विधि-विधान से पूजा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। उधर, शहर के देवी मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूल-मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।

जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। पहले नवरात्र पर मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की गई है, ताकि श्रद्धालु व्यवस्थित रूप से दर्शन कर सकें। कुल मिलाकर, महंगाई के असर के बावजूद श्रद्धा और भक्ति के इस पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है और पूरा शहर देवीमय वातावरण में रंगा नजर आ रहा है।





# ईद-उल-फितर से पहले पुलिस प्रशासन हुआ अलर्ट

### ईदगाह का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** आगामी ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बुधवार को पुलिस टीम के साथ नगर की ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने ईदगाह परिसर, आसपास के मार्गों तथा भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना राशिद नूरुल हसन से मुलाकात कर आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर चर्चा की।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करें और ईद की नमाज केवल निर्धारित स्थानों पर ही अदा करें, सड़क पर नमाज न पढ़ें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति ईद-उल-फितर के अवसर पर दंगा-फसाद फैलाने, भड़काऊ भाषण देने या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इसके पश्चात थाना प्रभारी ने क्षेत्र के अन्य ईदगाह स्थलों का भी निरीक्षण किया और मुस्लिम समाज के लोगों से संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से कराने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर है किसी भी तरह की गड़बड़ी की गई तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बताया कि ईद उल फितर पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।





## ईद की नमाज को लेकर मौलाना आकील की अपील

- **प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गांव गढ़ी दौलत स्थित मदरसा बदरुल उलूम के प्रबंधक एवं इस्लामिक धर्म गुरु मौलाना आकील साहब द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो जारी कर क्षेत्रवासियों से ईद के पर्व को शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से मनाने की अपील की गई है।उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें और ईद की नमाज केवल निर्धारित स्थानों-ईदगाह और मस्जिदों में ही अदा करें। मौलाना आकील साहब ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे आमजन को असुविधा हो या यातायात व्यवस्था बाधित हो। विशेष रूप से उन्होंने सड़कों और सार्वजनिक रास्तों पर नमाज अदा न करने की अपील करते हुए कहा कि इससे दूसरों को परेशानी हो सकती है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-फितर का त्योहार खुशियों, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर सभी लोग मिल-जुलकर प्रेम और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं तथा समाज में एकता और शांति का संदेश दें।अंत में मौलाना आकील साहब ने देश की तरक्की, अमन-चौन और खुशहाली के लिए दुआ करते हुए सभी से जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की।



## पीड़ित को चिढ़ाने को बुलेट से मार रहे थे पटाखा, पुलिस ने बुलेट को कब्जे मे लेकर किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शामली शामला में बीते 12 मार्च को रात्रि के समय एक पक्ष पर कुछ युवको के हमले मे दर्ज मुकदमें की जांच को पहुँचें उपनिरीक्षक के सामने आरोपियों द्वारा बुलेट चलाकर पटाखा मार रहे युवको को पुलिस ने पकडने का प्रयास किया। आरोपी दीवार फांदकर मौके से भाग गया। वही पुलिस ने बुलेट को कब्जे मे ले लिया और सीज कर दिया गया।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव शाामली शामला मे 12 मार्च की रात्रि मे इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान पर बाइक सवार कुछ युवको ने हमला करते हुए सरजून को घायल कर दिया गया था। मामले मे पीडित पक्ष की ओर से चार युवको पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पीडित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को पुलिस पर लापरवाही करते हुए मुकदमा को कमजोर धाराओं मे दर्ज करने का आरोप लगाया था। जिसकी जांच को बुधवार की दोपहर मे उपनिरीक्षक मनोज कुमार मौके पर पहुँचें तो आरोप पक्ष का एक युवक आया और बुलेट पर पटाखा मारते हुए पीडित पक्ष को चिढाने लगा। पीडितो ने मौके पर ही पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने आरोपी पर कार्यवाही को उसके घर पर दबिश दी तो आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने बुलेट को कब्जे मे लेकर सीज कर दिया। जिसके बाद बुलेट को छुडाने वालो का पुलिस चौकी पर तांता लग गया लेकिन पुलिस ने सभी हडकाकर मौके से चलता कर दिया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## पुलिस ने सटोरिया किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमण्डी पुलिस ने चलाए जा रहे अपराध रोकथाम अभियान के तहत 01 सटोरिया को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम राहुल कुमार, पुत्र जोगिन्द्र सिंह, निवासी ग्राम गोहरनी, थाना आदर्शमण्डी है। उसके कब्जे से नगदी, पेन और सट्ठा पर्चा बरामद किया गया। थाना आदर्शमण्डी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। यह कार्रवाई क्षेत्र में सटा और अवैध जुआ गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस की सतत कोशिशों का हिस्सा है।

# शामली में स्वरोजगार के लिए लगा वृहद ऋण वितरण कैंप

### पहले ही दिन 121 आवेदन को किया गया स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार के ह्नव निर्माण के 09 वर्षह्न पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कैराना रोड स्थित जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कार्यालय पर बुधवार को वृहद ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में विभिन्न बैंकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण प्रदान किए।

शिविर में कुल 121 ऋण आवेदन स्वीकृत किए गए, जबकि 60 ऋणों का वितरण मौके पर ही किया गया। बैंकवार ऋण स्वीकृति इस प्रकार रहीरू स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ख्र 35, पंजाब नेशनल बैंक ख्र 22, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ख्र 12, इंडियन बैंक 8, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक 10, बैंक ऑफ महाराष्ट्र 2, यूको बैंक 5, कैनरा बैंक 8, बैंक ऑफ बड़ौदा 8, इंडियन ओवरसीज बैंक 5, एचडीएफसी बैंक, 3 और आईसीआईआई बैंक 3। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने लाभार्थियों को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके और जनपद में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले। शिविर में उपायुक्त उद्योग रतिका गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के त्ब्ब बागपत से चीफ मैनेजर विनीत रौंदी, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। अधिकारियों ने यह भी कहा कि समयबद्ध तरीके से ऋण वितरण सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। लाभार्थियों ने सरकारी योजनाओं से ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित करने की योजना बनाई और इस पहल से अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की उम्मीद जताई। शिविर ने दिखाया कि राज्य सरकार और बैंक मिलकर ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं।



# सत्यनारायण में साइबर जागरूकता कार्यशाला में बचाव के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में साइबर अपराध और आनलाइन ठगी से बचाव को लेकर पुलिस विभाग की ओर से एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्राड और अन्य साइबर ठगी के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यशाला में थाना आदर्श मंडी से आए एसआई गिरीश चंद और हेड कांस्टेबल प्रमिला ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में बताया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था पुलिस द्वारा नहीं की जाती। यदि कोई व्यक्ति फोन पर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डराने या गिरफ्तारी की बात कहे, तो छात्र या आमजन को घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि तुरंत पुलिस को सूचित करना चाहिए। अधिकारियों ने ओटीपी फ्राड के तरीकों पर भी छात्रों को चेताया। उन्होंने बताया कि अनजान नंबर से कॉल कर यह कहा जा सकता है कि गलती से आपके खाते में पैसे ट्रांसफर हो गए हैं और उन्हें वापस भेजने के लिए ओटीपी साझा करें। ऐसे किसी भी मामले में अपना ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों से कहा कि वे खुद जागरूक रहें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध के प्रति सतर्क करें। यह कार्यशाला छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, शिवकुमार, फूल कुमार, साकेत निर्वाल, लक्ष्मी गर्ग और छवि शर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पताः- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अल्काराज व सिनर की वर्ल्ड नंबर-1 की लड़ाई में अहम है मियामी ओपन

**मियामी, वार्ता।** बीएनपी परीबा ओपन में जानिक सिनर के खिताब जीतने के कारनामों ने उन्हें एटीपी रैंकिंग में कार्लोस अल्काराज की बढ़त कम करने में मदद की। अपनी छठी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतकर, सिनर ने 1,000 अंक हासिल किए और इंडियन वेल्स से पहले अल्काराज की 2,800 अंकों की बढ़त को घटाकर 2,150 अंक कर दिया। अब सबका ध्यान मियामी ओपन पर है, जहां सिनर के पास अपनी लय को और मजबूत करने का मौका है। इस इतालवी खिलाड़ी ने 2025 में फ्लोरिडा में हिस्सा नहीं लिया था, जिसका मतलब है कि इस पखवाड़े में उन्हें अपने किसी भी अंक का बचाव नहीं करना है। इसलिए, हर जीत सीधे तौर पर उनके रैंकिंग अंकों में जुड़ जाएगी।

### भारत का पूल कड़ा और संतुलित : मरिने

**बेंगलुरु, वार्ता।** मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने बुधवार को आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के पूल डी को बहुत ही कड़ा और संतुलित बताया। यह बात उन्होंने तब कही जब भारतीय महिला हॉकी टीम को इंग्लैंड, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ही पूल में रखा गया। भारतीय टीम, जिसने हाल ही में इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है, उसे अगस्त में होने वाले ग्रुप स्टेज में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। चीन, जो अभी वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर है, इस पूल में सबसे आगे है, उसके बाद इंग्लैंड छठे स्थान पर है, जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः नौवें और उन्नीसवें स्थान पर हैं। विरोधी टीमों की अलग-अलग ताकतों को मानते हुए, मरिने ने कहा कि इस ग्रुप में अनुभव और अप्रत्याशितता का मिला-जुला रूप देखने को मिलेगा।

# मेहंदी हसन मिराज ने वनडे व मिचेल सैंटनर ने टी-20 रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग





- **मेहंदी वनडे रैंकिंग में नौ पायदान चढ़कर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए**

**धाकड़ बल्लेबाज डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर, विराट नंबर-2 पर**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान मेहंदी हसन मिराज ने एकदिवसीय क्रिकेट में तथा न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टी-20 मैचों शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई।

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा अपडेट के अनुसार बांग्लादेश के कप्तान मेहंदी हसन मिराज को उनकी हालिया बेहतरीन फॉर्म का इनाम मिला है। इस ऑलराउंडर ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई एकदिवसीय सीरीज में तीनों मैचों में कुल पांच विकेट लिए, जिससे टीम ने 2-1 से सीरीज जीत ली।

इन शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहंदी एकदिवसीय गें. दबाजों की ताजा रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, 28 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एकदिवसीय ऑलराउंडरों की अपडेटेड सूची में दो पायदान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

एकदिवसीय रैंकिंग में न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। भारत के विराट कोहली 791 की रेटिंग के साथ दूसरे, अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान 756 की रेटिंग के साथ तीसरे, भारत के ही रोहित शर्मा की रेटिंग 748 की है और वे नंबर 4 पर अभी मौजूद हैं। भारतीय टीम के एकदिवसीय शुभमन गिल 716 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 684 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर हैं। वेस्टइंडीज के शे होप 679 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर हैं। आयरलैंड के हैरी ट्रेक्टर 679 रेटिंग अंक साथ नंबर सात पर ही हैं। भारत के केएल राहुल 664 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं। अब उन्हीं की बराबरी पर पाकिस्तान के सलमान अली आगा भी आ गए हैं। सलमान अली आगा एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गए, और एकदिवसीय ऑलराउंडरों की सूची में तीन पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, कप्तान शाहीन अफरीदी ने गेंद के साथ कुछ अच्छे प्रदर्शनों के बाद ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 25वां स्थान हासिल किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को अपने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों टी-20 की सीरीज के पहले दो मैचों में किए गए अच्छे प्रदर्शनों का इनाम मिला। सैंटनर हाल ही में हुए टी-20 विश्वकप के दौरान न्यूजीलैंड के लिए लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे।

# चेपॉक में एक बड़े 'रीयूनियन' की योजना बना रहा है सीएसके

- **जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुरलीधरन, मैथ्यू हेडन व ब्रावो शामिल हैं**

**चेन्नई, वार्ता।** 22 मार्च को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का एक रीयूनियन होगा, जिसमें फ्रेंचाइजी अपने कई पूर्व खिलाड़ियों को आमंत्रित कर रही हैए जिनमें वे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो अभी दूसरी आईपीएल टीमों से जुड़े हुए हैं।

जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुथैया मुरलीधरन (सनराइजर्स हैदराबाद), मैथ्यू हेडन (गुजरात टाइटन्स) और ड्वेन ब्रावो (कोलकाता नाइट राइडर्स) शामिल हैं। जब इस नियोजित कार्यक्रम के बारे में खबर फैली, तो आईपीएल टीमों के बीच थोड़ी उत्सुकता पैदा हो गई, जिससे यह चर्चा शुरू हो गई कि शायद कोई बड़ी घोषणा होने वाली है। हालांकि, फेंचाइजी के अधिकारियों ने तुरंत स्पष्ट किया कि यह केवल आईपीएल सीजन की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयोजित एक औपचारिक 'प्री-आईपीएल' कार्यक्रम है। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने क्रिकबज को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह सीजन के लिए केवल एक 'प्री-लॉन्च' और प्रशंसकों से जुड़ने का एक प्रयास है। इसमें इससे ज्यादा कुछ भी नहीं है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि कई पूर्व खिलाड़ी जिनमें ज्यादातर भारतीय और वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले 16 सीजन में फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है। इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# भारत की पुरुष और महिला टीमें ग्रुप ए में चीन के साथ

- **भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को को चीन, कनाडा व ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया**

**कोपेनहेगन, वार्ता।** थॉमस और उबेर कप 2026 के लिए बुधवार को हुए ड्रॉ में भारतीय बैडमिंटन टीमों को मुश्किल ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियन चीन के साथ रखा गया है।

आगामी थॉमस और उबेर कप 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के फोरम हॉर्सेंस एरिना में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में थॉमस कप जीतने वाले भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को टूर्नामेंट के आगामी संस्करण के लिए मौजूदा चैंपियन चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वहीं पिछले संस्करण में उपविजेता इंडोनेशिया को फ्रांस, थाईलैंड और अल्जीरिया के साथ ग्रुप डी में रखा गया है।

वह थॉमस कप के इतिहास में 14 खिताबों के साथ सबसे सफल टीम है। भारत की एकमात्र थॉमस कप जीत 2022 में तब मिली थी, जब उसने बैंकॉक में फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था।

भारत ने बीडब्ल्यूएफ पुरुष टीम विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में अपनी स्थिति के आधार पर थॉमस कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया है। यह रैंकिंग बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के बाद फाइनल की गई थी। इस बीच, भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को उबेर कप 2026 के लिए ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें उनके साथ मौजूदा चैंपियन और रिकॉर्ड 16 बार की विजेता टीम चीन भी शामिल है।

भारत और चीन के साथ-साथ मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन भी शामिल हैं। भारत ने अपनी टीम की विश्व रैंकिंग के आधार पर उबेर कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया। उन्हें उन शीर्ष-रैंक वाली टीमों के लिए आरक्षित स्थानों में से एक मिला, जो पहले से ही कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप के जरिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थीं।

# हेजलवुड-कमिंस के आईपीएल के शुरुआती मैचों में खेलने पर संशय

- **हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी**



**बेंगलुरु, वार्ता।** डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड के बिना करने के लिए तैयार दिख रही है और इसमें ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है।

उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। स्टार खिलाड़ी हेजलवुड अपनी फ्रेंचाइजी के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह चोटों से भरे घरेलू सीजन से उबरने की प्रक्रिया में हैं, इस दौरान वह पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे थे। हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, और फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी। पिछले साल आरसीबी के आईपीएल खिताब का सूखा समाप्त करने में हेजलवुड की अहम भूमिका थी, उन्होंने 17-54 की औसत से 22 विकेट लिए थे। आईपीएल में देर से आने वाले खिलाड़ियों की सूची में हेजलवुड के साथ एक और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है। उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे, इन मैचों में 28 मार्च को सीजन की पहली रात को हेजलवुड की आरसीबी के खिलाफ होने वाला मुकाबला भी शामिल है। एसआरएच के कप्तान ने एशेज के दौरान केवल एक ही टेस्ट मैच खेला था।

कि वह जुलाई में कैरिबियन में लगी पीठ की हल्की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे। इसके बाद हेतलवुड और कमिंस दोनों ही टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले ही दौर में टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का चिकित्सा दल पिछले कुछ महीनों से इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की सेहत पर बहुत बारीकी से नजर रखे हुए हैं। इस वजह से, इन दोनों खिलाघें अपनी-अपनी आईपीएल फेंच. इजियों के लिए ठीक-ठीक कब उपलब्ध हो पाएंगे, इसको लेकर अभी भी कुछ अनिश्चितता बनी हुई है।

# एसआरएच के पहले मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान



- **पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ के चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है**

**हैदराबाद, वार्ता।** पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान किशन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआती कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। इस दौरान अभिषेक शर्मा उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

एसआरएच के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि यह व्यवस्था अस्थाई है। नियमित कप्तान कमिंस पूरी तरह फिट होने के बाद कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से संभाल लेंगे। जल्द ही इस बारे में आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे, लेकिन यह माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान 23 मार्च को एसआरएच शिविर में रिपोर्ट करेंगे। उम्मीद है कि वह भारत में फेंचाइजी के साथ रिहैबिलिटेशन करेंगे। कल की रिपोर्ट में बताया गया था, वह इस सीजन के पहले तीन मैच नहीं खेल पाएंगे।

एसआरएच अपने अभियान की शुरुआत 28 मार्च को बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ करेगा। उनका दूसरा मैच दो अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ, उसके बाद वे पांच अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करने के लिए अपने घरेलू मैदान पर लौटेंगे। 32 साल के कमिंस दिसम्बर से ही मैदान से बाहर हैं। दिसम्बर में उन्होंने एडिलेड में केवल एक एशेज टेस्ट मैच खेला था। उस मैच से पहले और बाद में भी पीठ की पुरानी चोट की वजह से वह टीम से बाहर रहे। उन्होंने हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा नहीं लिया था। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के सूत्रों ने बताया है कि उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से अपने आईपीएल अनुबंध को पूरा करने की मंजूरी मिल गई है। हालांकि, मैच खेलने के लिए मैदान पर लौटने से पहले उन्हें कुछ और समय लगने की उम्मीद है। कमिंस ने एचआरएच के लिए 30 मैचों में कप्तानी की है।

इनमें से उन्होंने 15 मैच जीते हैं, 14 हारे हैं, और एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। 2024 में उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया था, जहां उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सीजन में एसआरएच छठे स्थान पर रहा था। टीम ने छह मैच जीते थे और सात में उसे हार मिली थी। ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान ने बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197-33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए टी-20 विश्वकप में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

# बीसीबी के भविष्य पर आईसीसी के साथ चर्चा करेंगे बांग्लादेश के खेल मंत्री



- **बीसीबी एक दूसरी समिति बनाने की योजना भी बना रहे हैं, जो यह जांच करेगी कि इस साल भारत और श्रीलंका में हुए पुरुषों की टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश क्यों हिस्सा नहीं ले पाया**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के खेल मंत्री अमीनुल हक, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भविष्य पर अंतिम फैसला लेने से पहले आईसीसी से सलाह करेंगे। साथ ही वह एक दूसरी समिति बनाने की योजना भी बना रहे हैं, जो यह जांच करेगी कि इस साल भारत और श्रीलंका में हुए पुरुषों के टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश क्यों हिस्सा नहीं ले पाया।

11 मार्च को खेल मंत्रालय ने पिछले साल हुए बीसीबी चुनावों में कथित अनियमितताओं, हेरफेर और सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति बनाई थी। बीसीबी ने सोमवार को इसका जवाब देते हुए कहा कि इस समिति का गठन, बांग्लादेश सरकार की ओर से बोर्ड के मामलों में दखल के बराबर है। बांग्लादेश के पूर्व फुटबॉल कप्तान हक ने कहा कि पांच सदस्ईय समिति जब अपनी रिपोर्ट 15 कार्य दिवसों के भीतर सौंप देगी, तब वह इस मामले पर आईसीसी से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि पिछले साल बीसीबी चुनावों में हमारी पिछली सरकार का सीधा हस्तक्षेप था।

मैंने कई बार इस बारे में बात की है। ढाका के क्लबों और जिलों से मिले आरोपों के बाद हमने जांच समिति बनाई है। मैं उनकी रिपोर्ट पढ़ूंगा, लेकिन अगला कदम आईसीसी से बात करने के बाद ही उठाऊंगा। चुनाव के समय तमीम इकबाल और ढाका के कई क्लब अधिकारियों ने चुनाव में हेरफेर के आरोप लगाए थे। चुनाव से पहले ही बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम पर भी हस्तक्षेप के आरोप लगे थे। चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भेजे गए एक हस्ताक्षरित पत्र में अमीनुल ने खेल मंत्रालय से कुछ जलिों के काउंसिलरों को बदलने का अनुरोध किया था। तमीम ने यह भी आरोप लगाया था कि बीसीबी ने नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख दो बार बढ़ाई थी। तमीम ने 1 अक्तूबर को अपना नाम वापस ले लिया, जबकि अमीनुल ने 5 अक्तूबर को इन आरोपों से इनकार किया, जो कि मतदान से एक दिन पहले था। हक ने कहा कि जांचकर्ता यह भी देखेंगे कि चुनाव से पहले जिला प्रशासकों ने अपने नामांकन कैसे बदले। उन्होंने कहा कि जांच समिति बीसीबी के चुनाव आयुक्तों, मौजूदा बोर्ड अध्यक्ष, बीसीबी निदेशकों और सीईओ से बात करेगी। यह उन जिला प्रशासकों से भी संपर्क करेगी जिन्होंने बीसीबी काउंसिलरों का नामांकन किया था। आरोप है कि कई जिला प्रशासकों ने एक काउंसिलर का नाम भेजने के बाद, एक पत्र मिलने पर नया नाम भेज दिया था। मेरा मानना है कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। टी-20 विश्व कप के मामले में बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत जाने से इनकार कर दिया था, तब आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को विश्व कप के लिए शामिल कर लिया था।

# न्यू साउथ वेल्स के कोच बने ब्रैड हैडिन




**सिडनी, वार्ता।** ब्रैड हैडिन को न्यू साउथ वेल्स पुरुषों की टीम का अगला मुख्य कोच बनाया गया है। उन्होंने अनुभवी कोच ग्रेग शिप्पर्ड की जगह ली है, जिनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल पहले ही खत्म कर दिया गया था।

क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स ने हैडिन को शिप्पर्ड का उत्तराधिकारी घोषित करने में जरा भी देर नहीं की। यह घोषणा तब की गई जब 'ब्लूज' (न्यू साउथ वेल्स टीम) ने मंगलवार को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक ड्रॉ के साथ अपना 2025-26 का सीजन खत्म किया। खबरों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर और टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हैडिन ने 'क्रिकेट सेंट्रल' में मैच के दौरान ही क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड के सामने अपना प्रस्ताव पेश किया। शेफील्ड शील्ड सीजन के आखिरी दिन पुरुषों की टीम के सहायक कोच अली डी विटर और शॉन ब्रैडस्ट्रीट को भी बता दिया गया कि अब उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं होगी। न्यू साउथ वेल्स ने अपने आखिरी राउंड का मैच ड्रॉ कराया। मैच के आखिरी तीन गेंदों पर जब वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट गिर चुके थे, तब निचले क्रम के बल्लेबाज कोरी रॉ. चचियोली और अल्बर्ट एस्टरहुसेन ने डटकर बल्लेबाजी की और टीम को हार से बचा लिया।

# अबरार को साइन करने पर सनराइजर्स पर बरसे गावस्कर





- **कहा : पाक क्रिकेटर पर लगाया गया पैसा परोक्ष रूप से भारतीय जवानों और आम नागरिकों की जान लेने में मदद करता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पुरूष हंड्रेड के आगामी सीजन के लिए सनराइजर्स लीड्स के एक फैसले नाराजगी जताई है।

सनराइजर्स ने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम के साथ जोड़ा है, जिस पर गावस्कर ने कहा है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर पर लगाया गया पैसा परोक्ष रूप से भारतीय जवानों और आम नागरिकों की जान लेने में मदद करता है। हेडिंग्ली की इस फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक सन ग्रुप के पास है, जो आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी चलाता है। इस टीम को पहले नॉर्दन सुपरचार्जर्स के नाम से जाना जाता था। पिछले हफ्ते हुई नीलामी में अबरार अहमद को लगभग 2 करोड़ 34 लाख रूपए की भारी-भरकम रकम देकर साइन किया गया था। इस साइनिंग के साथ ही उन अटकलों पर भी विराम लग गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे कड़वे राजनीतिक रिश्तों की वजह से आईपीएल मालिकों की टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर अघोषित बैन लगा सकती हैं। हालांकि, इस फैसले के खिलाफ सोशल मीडिया पर काफी विरोध देखने को मिला।

यह ऐसे समय में हुआ जब दोनों देशों के बीच संबंध लगातार बिगड़ रहे हैं, जिसमें मई 2025 में हुआ चार दिन का सैन्य संघर्ष भी शामिल है। पाकिस्तान के खिलाड़ियों को 2009 से आईपीएल से अनौपचारिक रूप से बाहर रखा गया है, और दोनों देशों के बीच 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। टी-20 विश्व कप में उनकी हालिया भिड़ंत का पीसीबी द्वारा लगभग बहिष्कार किया गया था, हालांकि अंततः यह मैच श्रीलंका में न्यूट्रल वेन्यू पर खेला गया। दोनों कप्तानों ने टॉस के समय हाथ मिलाने की परंपरा को भी जारी नहीं रखा।

गावस्कर की यह टिप्पणी अखबार मिड डे में लिखे कॉलम में आई। 76 साल की उम्र में भी वह भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं, और उनका यह बयान इस बात का संकेत है कि यह मुद्दा इस साल के हंड्रेड टूर्नामेंट पर कितना असर डाल सकता है, जो जुलाई में शुरू होने वाला है। उन्होंने लिखा कि एक भारतीय मालिक द्वारा द हंड्रेड में पाकिस्तानी खिलाड़ी को खरी. दने पर जो विवाद हुआ है, वह हैरान करने वाला नहीं है। नवम्बर 2008 में मुंबई हमलों के बाद से भारतीय फ्रेंचाइजी मालिकों ने आईपीएल के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को पूरी तरह नजर. अंदाज किया है। हालांकि देर से सही, अब यह समझ बन रही है कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी को दी गई फीस, जो बाद में अपने देश को टैक्स के रूप में जाती है और जिससे हथियार खरीदे जाते हैं, वह अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय सैनिकों और नागरिकों की मौत में योगदान देती है। इसी कारण भारतीय संस्थाएं अब पाकिस्तानी कलाकारों और खिलाड़ियों को शामिल करने से भी बच रही हैं। सन ग्रुप एक मीडिया संगठन है जिसकी स्थापना कलानिधि मारन ने की थी।

उनकी बेटी काव्या ऑक्शन में मौजूद थीं। टीम के हेड कोच डैनियल विटोरी ने बाद में कहा कि उन्हें कुछ खास खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने से रोकने का कोई निर्देश नहीं दिया गया था, लेकिन गावस्कर का मानना है कि मालिकों की ओर से और स्पष्ट निर्देश होने चाहिए थे। उन्होंने लिखा कि चाहे भुगतान किसी भारतीय संस्था द्वारा किया जा रहा हो या उसकी विदेशी शाखा द्वारा, अगर मालिक भारतीय है तो वह भारतीय हताहतों में योगदान दे रहा है। यह इतना ही सीधा है। अभी भी समय है।

### श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस को 13-1 से रौंदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 13-1 से करारी शिकस्त दी। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान पर श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी ने 5, प्रत्युष सिंह जग्गी ने 3, मनमोहन, अभिषेक, हर्ष, पंकज और आकाश ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल विशाल ने किया। श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। सेंट स्टीफंस कॉलेज की यह लगातार दूसरी बड़ी हार है। हंसराज कॉलेज और इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। हंसराज कॉलेज के गुरशीष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

## रमजान मुबारक



**तीसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.01 |
| | शिया | 4.55 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.31 |
| | शिया | 6.44 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# उ.प्र.नवनिर्माण के 9 वर्ष पर पात्र लाभांवित

### मंत्री जसवंत सैनी व बृजेश सिंह की मौजूदगी में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने दिखाई लघु फिल्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष के अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाये गये।

सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी ने 9 वर्षों में हुए विकास कार्यों को तुलनात्मक ढंग से बताया। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सड़क, रोजगार, गरीब कल्याण, पेयजल, विद्युत, पारदर्शिता के साथ भर्ती, सिंचाई व्यवस्था बेहतर हुई है। कृषकों की सुविधाओं को बढाने के दृष्टिगत सिंचाई, बीज, खाद, फसलों का बेहतर मूल्य किया गया है। वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की जा रही है जिससे चिकित्सा सुविधा बेहतर हो रही है। यह 09 वर्ष उत्तर प्रदेश के नव निर्माण के है जोकि विकसित भारत में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।

राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह ने कहा कि नवरात्रि की पूर्व संध्या पर प्रदेश के नव निर्माण के 9 वर्ष पर आयोजित यह कार्यक्रम 9 दिवसों तक चलेगा। इन 9 वर्षों में प्रदेश की तथा पिछले 11 वर्षों में देश की तस्वीर बदली है। यह सिद्ध किया गया है कि बिमारू प्रदेश को विकसित प्रदेश की श्रेणी में कैसे लाया जा सकता है। सरकार की साफ नियत तथा काम करने की सकारात्मक इच्छाशक्ति से संभव हुआ। उन्होने कार्यक्रम की रूपरेखा की भी जानकारी दी। उन्होने कहा कि आगे भी विकास की यात्रा अनवरत चलती रहेगी।




कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 5 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्य बाल सेवा योजना सामान्य के 5 लाभार्थियों को लैपटॉप, पशुपालन विभाग के 5 लाभार्थियों को मुर्गी पालन हेतु लैटर ऑफ कम्फर्ट, कृषि विभाग के 2 लाभार्थियों को ट्रैक्टर चाभी वितरण, जिला कार्यक्रम विभाग के लाभार्थियों को गोदभराई, खादी ग्रामोद्योग विभाग 1 लाभार्थी को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रस्तुत नव निर्माण के 09 वर्ष पर आधारित लघु फिल्म भी देखी गयी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत राणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# विधायक मुकेश के प्रयासों से रविदास मंदिर के पर्यटन विकास को मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** विधायक मुकेश चौधरी की मजबूत पैरवी रंग लाने जा रही है। जिसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लतीफपुर स्थित रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए 106.27 लाख रुपये की भारी भरकम धनराशि को मंजूरी दे दी है। जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

**■ लतीफपुर स्थित मंदिर के लिए 106.27 लाख रुपए मंजूर**

अब तक सीमित संसाधनों के बीच अपनी आस्था को संजोए यह मंदिर आने वाले समय में भव्यता और आधुनिकता का प्रतीक बनने जा रहा है। योजना के तहत मंदिर परिसर को आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा जहां साफ सुथरे मार्ग उच्चस्तरीय प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, बैठने की सुविधाओं के साथ साथ श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे।

इस विकास कार्य के पूरा होने के बाद लतीफपुर का रविदास मंदिर न केवल श्रद्धा का केंद्र रहेगा बल्कि पर्यटन मानचित्र पर भी अपनी खास पहचान बनाएगा।

मंदिर का सौंदर्यकरण होने से क्षेत्र में बाहरी श्रद्धालुओं की आमद बढने से स्थानीय व्यापार को भी मजबूती मिलेगी तथा रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

राजनीतिक जानकारों की मानें तो यह कदम नकुड़ क्षेत्र के धार्मिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देने वाला साबित होगा। वहीं क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह सिर्फ बजट की स्वीकृति नहीं है बल्कि उनकी वर्षों पुरानी आस्था और उम्मीदों को मिला सम्मान है।

# नवरात्र में संतुलित आहार लें हार्ट व डायबिटिज के मरीजः डा.मिगलानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रख्यात चिकित्सक डा.संजीव मिगलानी ने कहा कि नवरात्र में हार्ट और डायबिटिज के मरीज खानपान में संतुलित आहार का प्रयोग करें।



डा.मिगलानी ने बताया कि सामान्य व्यक्ति दिन में 2 से 3 लीटर पानी, नींबू पानी, नारियल पानी का सेवन करे और दिन में 3 से 4 बार हाई कैलोरी वाले ताजे फल जैस खजूर, चीकू जरूर खाये। क्योकि इससे भूख पूरी होती है। दिन में कम से कम मीडियम कैलोरी वाले फल दो बार जरूर खाये जैसे पपीता, सेब, संतरा, अनार, अनानास आदि। शाम के समय गाजर का हलवा खा सकते है। उन्होंने बताया कि कूटू के आटे की पूरी या सिघाडे की पूरी मात्रा में 3 से 4 ले सकते है। ज्यादा पूरी लेने से एसिडीटी, सर दर्द और नींद ज्यादा आती है।

उन्होंने कहा कि रेहड़ी पर बिकने वाले कटे फल, इससे डायरिया और टाईफाइड की उम्मीद बढ जाती है। इसलिये बाहर का दही बडा और आलू की चाट, बाहर के खूले जूस, बाहर का नवरात्र का रेहडी पर बिकने का सामान खाने में इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा कि डायबिटिज, हार्ट और बी. पी. के मरीज नवरात्र में लौकी का हलवा, सांवक के चावल और दही, खीरा, टमाटर, गाजर, करेला, कद्दू, सोयाबीन, सेव, संतरा, थोडा सा पपीता, खरबोजे के बीजो का पाग, नारियल पाग, मौसमी, साबू दाने की खीर का सेवन करें। वहीं फ्राई आलू चिप्स, खजर, चीकू, केला, रूह अफजा, फ्रूटी, फ्राई ड्राई फूटस, फ्राई आलू के पकोडों से परहेज करे।

**■ कहा- आम लोगों को भी रखना पड़ेगा अपने स्वास्थ्य का ख्याल**

# सौहार्द के साथ मनाया जाए ईद उल फितरःमनीष

### बिना सोचे समझे सोशल मीडिया पर संदेशों को फारवर्ड करने से बचें, नवयुवकों को समझाएंः अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि आपसी सौहार्द के साथ ईद का पर्व मनाते हुए शासन के निर्देशों का पालन करें। साथ ही गंगा जमुनी तहजीब को बनाये रखे और शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



जिलाधिकारी ने यह बात कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में ईद की तैयारियों के संबंध में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजकों एवं पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों, संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द को बनाये रखते हुये मिलजुलकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए पर्व को मनायें। यह क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारा व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है। सभी धर्म अमन और शांति का संदेश देते हैं। अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं। समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा।

एसएसपी अभिनन्दन ने कहा कि शांति को भंग करने वालों को चिन्हित कर उनकी जानकारी पुलिस को दी जाये ताकि इन पर कार्यवाही की जा सके। उन्होने सोशल मीडिया को लेकर कहा कि बिना सोचे समझे संदेश को फारवर्ड न करें। संभ्रान्तजनों अनुरोध किया कि नवयुवको को भी इस सम्बन्ध में जानकारी दी जाये।

**■ डीएम व एसएसपी ने धर्मगुरूओं व संभ्रात लोगों के साथ की बैठक**

इस अवसर पर नगर आयुक्त शिपू गिरी, एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी देहात सागर जैन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम आसरे वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सभी उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा पूर्व मंत्री सरफराज खां, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी, शहर काजी नदीम अख्तर, पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल, वरिष्ठ नेता महेन्द्र तनेजा, ब्रित चावला, दलजीत कोचर, आमिर खान आदि मौजूद रहे।

# विजय गुप्ता को बनाया भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महानगर की नई कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। जिसमें विजय गुप्ता को मीडिया प्रभारी की जिम्मेंदारी दी गई है।



घोषित सूची के अनुसार महानगर उपाध्यक्ष पद पर योग चुघ, अमित गर्ग, संदीप रावत, मनोज ठाकुर, चौधरी भगत सिंह, दुष्यन्त यादव, डॉ. नीलू राणा तथा कंचन धवन, महानगर महामंत्री पद पर किशोर शर्मा, ललित कटारिया और सुपनीत सिंह, महानगर मंत्री नितिन परमार, नीरज ठकराल, राजेश जौहरी, अजय उर्फ ठाठ सिंह, विपिन शर्मा, बबीता सैनी, आरती शर्मा तथा सोनम कश्यप, मानवेन्द्र भारद्वाज को कोषाध्यक्ष, विजय गुप्ता को मीडिया प्रभारी, प्रदीप शर्मा को सोशल मीडिया संयोजक तथा शुभम शर्मा को आईटी संयोजक बनाया गया है।

घोषित कार्यसमिति में कुल 66 सदस्यों को भी शामिल किया गया है, जिनमें राजकुमार कालड़ा, विनीत गुप्ता, संजय लाला, यशपाल पाल, संजय अरोड़ा, मिखाईल मल्हौत्रा, शुभम कश्यप, अमित चौधरी, अरुण प्रताप सिंह, रवि गुप्ता, राहुल शर्मा, परीक्षित वर्मा, अमर चौधरी, सुधीर मिगलानी, अनुराग मलिक, मुनेश त्यागी, मुकुल वाल्मीकि, सतीश चौधरी आदि शामिल है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में भी योगदान की उम्मीदः शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईटीसी के बहुउद्देषीय सभागार में आज नगर निगम के सहयोग से आईटीसी जनप्रभाव उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि सहारनपुर और आईटीसी का सम्बंध काफी पुराना रहा है। शहर के विकास के लिए आईटीसी ने काफी योगदान दिया है।




नगरायुक्त ने कहा कि आईटीसी द्वारा नगर निगम के साथ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्षन का जो मॉडल विकसित किया गया है, वह अनेक निगमों के लिए अनुकरणीय है और उसकी प्रदेष व राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा की जाती है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में सहारनपुर का जो अच्छा प्रदर्शन रहा है उसमें आईटीसी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी अप्रैल माह में स्वच्छता सर्वेक्षण में भी आईटीसी का इसी प्रकार सक्रिय सहयोग रहेगा।

समारोह में आईटीसी ने अपने सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों को आकर्शक स्टॉल के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें उन्नत खेती के माध्यम से स्मार्ट विलेज, मातृ एवं षिषु स्वास्थय परीक्षण, स्किल डवलपमेंट, व उन बच्चों को पुनः षिक्षा से जोड़ना जिन्होंने किसी कारण स्कूल जाना छोड़ दिया है, आदि का प्रदर्षन किया गया। साथ ही लोगों को नवाचार, आजीविका, स्वच्छता, पर्यावरण एवं सामुदायिक विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी।

आईटीसी के मानव संसाधन प्रमुख वी. त्रिनाथ व गिरिराज षाह ने कहा कि यह आयोजन न केवल आईटीसी के सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पण को दर्षाता है अपितु समाज में सकारात्मक बदलाव और जन जागरुकता लाने की दिषा में एक प्रेरणादायक पहल भी साबित हुआ है। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा व सीएमओ डॉ प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। संचालन मयंक पाण्डेय ने किया।

# विद्युतकर्मियों से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** विद्युत उपखंड पर तैनात विद्युतकर्मी ने विद्युत लाईन का कार्य करते समय एक अज्ञात सहित तीन लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।

पीड़ित गुरमीत पुत्र अमरनाथ निवासी ग्राम सलीरी थाना चिलकाना ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि वर्तमान समय में वह विद्युत उपकेन्द्र दुमझेडा में टीजी 2 के पद पर कार्यरत है तथा विगत 10 मार्च को नगला ग्राम में राजस्व व जिस्कैशन का कार्य टीम के साथ कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे तीन लोग आवेश पुत्र मुस्तफा, काला पुत्र अज्ञात व एक व्यक्ति अज्ञात निवासी ग्राम दुमझेडी थाना चिलकाना एक बाईक पर सवार होकर आए तथा बाईक से नीचे उतरकर पीड़ित के साथ गाली गलौच करने लगे। यदि उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित का मोबाईल फोन छीनकर जमीन पर दे मारा जिससे कि वह टूट गया। आरोपी जाते जाते भी उसे जान से मारने की धमकी देकर गये। पुलिस ने पीड़ित विद्युतकर्मी की तहरीर पर उपरोक्त 2 नामजद व 1 अज्ञात सहित 3 लोंगो के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।




## युवक पर हमला

**चिलकाना।** मस्जिद से तरावीह पढ़कर लौट रहे युवक ने मोहल्ले के तीन युवकों पर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला सोलाल निवासी कुर्बान पुत्र फुरकान ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि को वह मोहल्ले की एक मस्जिद से तरावीह पढ़कर अपने घर लौट रहा था कि तभी रास्ते में मोहल्ले के ही तीन लोगों हुसैन पुत्र गफूर, राजिक पुत्र हुसैन व वाजिद पुत्र सलीम ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी।

तरावीह पढ़कर लौट रहे अन्य लोगो ने उसे बामुश्किल आरोपियों से बचाया। आरोप है कि विपक्षी उसे जाते जाते भी जान से मारने की धमकी देकर गये।

# जमाल साबरी बने कानूनी सलाहकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान युनियन (किमान सरकार) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप द्वारा जमाल साबरी एडवोकेट को उत्तर प्रदेश कानूनी सलाहकार मनोनीत किया गया है। जमाल साबरी एड. पहले भी प्रदेश कानूनी सलाहकार थे उनकी कार्य प्रणाली एवं संगठन के प्रति लगाव को देख कर दूसरी बार फिर से जिम्मेदारी सौपी गई।




सिविल कोर्ट में जमाल साबरी एडवोकेट के चैम्बर पर अधिवक्ताओं ने उनका फूल मालाओं के स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि जमाल साबरी एड संघर्ष शील व ईमानदार छवि के व्यक्ति है तथा सर्व समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते है जमाल साबरी एड ने पवन कश्यप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई उसको पूरी इमानदारी के साथ निभाते हुए किसानों की समस्याओं को दूर कराने का काम किया जाएंग तथा कानूनी रूप से भी उनकी हर मदद करेगे।

इस मौके पर सन्दीप पंवार एड, मो शाहजमाँ एड, राव फैसल एड, जुबैर अली एड, राव खालिद एड, विकास एड, सागर एड, रुमन लाम्बा एड, मेघा तेश्वर एड, फैसल इकबाल एड, शाहनवाज एड, अंकित शुक्ला एड, पूजा प्रजापति, अंकिता एड, सारुख एड, सोनू एड,आदि अधिवक्ता मोजूद रहे।

**तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरूः सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन में आगामी डिजिटल जनगणना-27 के पहले चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर राजकीय कन्या इंटर कालेज में फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की प्रक्रियाओं से परिचित कराना है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी।













# राष्ट्रवादी नव निर्माण दल का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान करे सरकारः अवनीश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रवादी नव निर्माण दल कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी को जेड प्लस सुरक्षा और उनकी हत्या की साजिश करने वालों की जांच कर बेनकाब किये जाने की मांग की।

राष्ट्रवादी नव निर्माण दल के कार्यकर्ता आज जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार त्यागी के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। अवनी त्यागी ने बताया कि नोएडा के थाना फेज-2 में गंभीर प्रकरण की शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई है और न ही विधिवत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इससे कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। यह घटना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा पर हमला है। उन्होंने कहा कि पार्टी भगवान परशुराम और बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलकर समाज के गरीब, मजदूर, किसान, दलित एवं वंचित वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए कार्य कर रही है, जिससे असामाजिक तत्व बौखलाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दमनकारी तत्व श्रीकांत त्यागी की हत्या की साजिश रच रहे हैं, जिससे पार्टी की विचारधारा को कमजोर किया जा सके।



प्रदर्शनकारियों में रविंद्र त्यागी, अरविंद त्यागी, रविकांत त्यागी, तिलकराम, बसंत त्यागी, अनिल त्यागी, सेवाराम, संजय, कुलदीप यादव, राजकुमार त्यागी, रामपाल त्यागी, मदन त्यागी, आदेश त्यागी, अमित त्यागी, मनमोहन त्यागी आदि शामिल रहे।






शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 19 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ताक पर मानवता

युद्ध के मौजूदा दौर में मानवीय मूल्यों को ताक पर रखा जा रहा है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हैं। हाल में यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है। इस मामले में पाकिस्तान की दलील है कि उसने सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया था। हालांकि यह उसकी अपनी करतूतों पर पर्दा डालने की एक नाकाम कोशिश है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे सैन्य कार्रवाई के नाम पर किया गया नरसंहार बताया है। पिछले साल भी जब पाकिस्तान- अफगानिस्तान में टकराव हुआ था, तो पाकिस्तानी सेना ने अफगानी क्रिकेटर्स को निशाना बनाया था। यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान तक, जैसे-जैसे संघर्ष का दायरा बढ़ रहा है, मानवता को आघात पहुंच रहा है। पिछले शुक्रवार को दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर इस्राइल ने हमला किया था, जिसमें 12 स्वास्थ्यकर्मियों की जान चली गई। लेबनान का दावा है कि मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से चिकित्सा सुविधाओं पर कम से कम 37 हमले हुए हैं और 31 हेल्थकेयर स्टाफ की मौतें हुई हैं। इसी तरह, ईरान पर हमले के पहले ही दिन अमेरिका-इस्राइल की मिसाइल एक स्कूल पर जा गिरी थी, जिसमें लगभग 170 लोगों की मौत हो गई और इसमें ज्यादातर बच्चे थे। अंतर्राष्ट्रीय कानून, खासकर जिनेवा कन्वेंशन कहता है कि जीवन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचों पर हमला नहीं किया जा सकता। मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे हमले कानूनी ही नहीं, नैतिक रूप से भी गलत हैं। लेकिन, आंकड़े कहते हैं कि आज किसी को न नैतिकता की पड़ी है और न नियमों की।ॅभ्व के मुताबिक, केवल यूक्रेन में ही 2022 के बाद से अभी तक हेल्थ केयर फैसिलिटीज पर 2881 हमले हो चुके हैं। और हॉस्पिटल ही नहीं, पश्चिम एशिया संकट में तो पानी और तेल के ठिकाने भी निशाना बन रहे हैं। इस तरह की घटनाएं बार-बार इसलिए हो रही हैं, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की अब कोई वास्तविक ताकत नहीं बची। वर्ल्ड ऑर्डर में केवल एक चीज मायने रख रही है - कौन किस पर किस तरह से हावी हो सकता है। जरूरत निंदा और आलोचना से आगे ठोस कार्रवाई की है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर यह तय करना होगा कि ऐसे हमलों की निष्पक्ष जांच की जाए और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो।

## सियासी विवाद में किसानों को नुकसान



किसानों ने एमएसपी के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और खुद मोदी सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उन्हें एमएसपी गारंटी दी जानी चाहिए, किसानों ने एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली की सीमा पर डेढ़ साल तक अभूतपूर्व आंदोलन किया था, जिसमें वह खुद भी शामिल हुए थे, लेकिन सरकार ने डेढ़ साल तक किसानों की समस्या को नहीं सुना था, इस आंदोलन में शामिल होकर मैने देखा था कि किसान धूप, वर्षा, जाड़े में बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करते रहे, इस आंदोलन में 750 किसान शहीद हुए थे और तब प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि तथा किसानों से संबंधित तीनों कानून वापस लेने की घोषणा की थी, पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार के बीच विवाद हो सकता है और राजनी. ति हो रही है, विवाद के कारण पंजाब के किसानों को नुकसान हो रहा है।

**-अमरिदंर सिंह, लोकसभा सांसद, कांग्रेस**

# नवरात्र : आंतरिक ऊर्जा व आध्यात्मिक उत्थान का पर्व



नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजडिघ्त मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजडिघ्त स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपा. सना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**( योगेश कुमार गोयल )**

## 72 वर्ष बाद अमावस्या और प्रतिपदा एक ही दिन
### डोली पर सवार होकर नवरात्र में आएगी माता

इस बार 72 वर्ष बाद अमावस्या और प्रतिपदा नवरात्र में एक ही दिन पघ्रहे हैं और आता डोली पर सवार होकर आ रही हैंजो प्रकृति, धर्म ,आस्था और दान का समन्वय बनाएंगे। इस वर्ष 19 मार्च को सुबह 6:52 से 7:45 तक कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है। नैमिषारण्य के चक्र तीर्थ के प्रधान पुजारी राजेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि वर्ष 1954 में अमावस्या और प्रतिपदा एक ही दिन पड़ा था। इस बार भी पहला नवरात्रा पड़ रहा है। इसके बाद देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आ गई थी। उन्होंने बताया कि इस विक्रम संवत 2083 में सब शुभ होगा।मां की कृपा से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। इस बार हिदू नव वर्ष गुरुवार को पघ्रहा है। इसलिए इस साल के राजा देव गुरु बृहस्पति यानी गुरु है। गुरु ज्ञान के दाता है और ज्ञान होने पर सब कुछ जीवन में आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रहों के सहयोग से डोली में सवार होकर मां आएंगे और भक्तों की मनोवृत्ति को अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि मां डोली पर सवार होकर जब भी नवरात्रि में आती है ,तो एक मां अपने बच्चों के साथ वात्सल्य भाव रखती है। इस तरह पूरा विश्व भी वात्सल्य भाव में रहता है। मां का वात्सल्य हमेशा बड़ा होता है। इससे विकास की गति को एक नई ऊंचाई और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि सुबह 11:36 से अपरा]न 12:24 तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा । इस वर्ष खरमास के दौरान नवरात्र पड़ रही है- लेकिन देवी पूजा के लिए यह समय दोष मुक्ति माना गया है। पहले खरमास 13 मार्च से लगा है, जो 14 अप्रैल तक चलेगा। भारत वर्ष इस बार विशेष तरक्की करेगा- ऐसी हम सभी की कामना एवं ईश्वर से मन से प्रार्थना है।

# गैस का संकट नहीं, तो ये लाइनें क्यों लगी हैं?

अमेरिका, इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ नजर आने लगा। अमेरिका, इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ हारमूज में शिपिंग रुक गई है। गौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90 प्रतिशत तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ हारमूज जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुए कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रूपए जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गई है। इस दौरान रसोई गैस के लिए जगह जगह लोगों की कतारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की खबरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की किल्लत की शंका से दहशत फैल गई। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90: होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5।7 ट्रिलियन रूपए टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को



खतरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुए रोटी, डोसा, पूरी, फ्राई सामग्री, चाय-कॉफी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाए केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हजारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से बंद हो गए । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30 प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज्यादा मार भोपाल में पड़ी जहां 40 प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुए। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ स्टॉक होने की खबरें आई हैं। इस संकट का सामना करने के लिए सरकार द्वारा रिफाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थाई अनुमति भी दी गई है। यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोजगारी का खतरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिए गए उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का जिक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के जरिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फार्मुले से चाय बनाने की



**निर्मल रानी**

नाकाम कोशिश करते हुए अनेक लोगों की वीडियो भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाकायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के श्ज्ञान श से प्रभावित व प्रेरित तमाम ष्लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में अनपढ़ राजा कहकर मोदी का मजाक उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी दिव्य ज्ञान के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुए उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव

दुनिया एक नए युद्ध की चपेट में है जो न केवल मध्य पूर्व को हिला रहा है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति को भी प्रभावित कर रहा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हवाई हमलों ने इस संघर्ष को एक पूर्ण युद्ध का रूप दे दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और नौसेना को नष्ट करने का ऐलान किया है, जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों और इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने से तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है।

सवाल उठता है कि क्या यह युद्ध केवल अमेरिका की अहंकारपूर्ण कूटनीति का परिणाम है, जहां वह वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और तेल तथा खनिज बाजार पर कब्जा जमाना चाहता है? या यह एक आवश्यक रक्षात्मक कदम है जो ईरान के परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के लिए उठाया गया है? एक स्वतंत्र .ष्टिकोण से देखें तो यह युद्ध अमेरिकी कूटनीति की विफलता का प्रतीक है, जहां वार्ता के बजाय सैन्य शक्ति पर जोर दिया गया। ट्रंप प्रशासन ने ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति अपनाई, लेकिन इससे ईरान और अधिक आक्रामक हो गया। रक्षा विशेषज्ञ जो कोस्टा का कहना है कि यह युद्ध अमेरिकी सैन्य तैयारियों को कमजोर कर रहा है, खासकर चीन के खिलाफ।आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह तेल बाजार पर कब्जे की लड़ाई है, लेकिन इससे अमेरिका की वैश्विक स्थिति कमजोर हो सकती है।

भारत, जो अपनी 90 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है, इस युद्ध से सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से तेल की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ गया है। टीएस लोम्बार्ड की अर्थशास्त्री शुमिता देवेश्वर कहती हैं कि लंबे समय तक चलने वाला युद्ध भारत की रसद लागत और प्रेषण को प्रभावित करेगा। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढ़ सकता है, और मुद्रास्फीति बढ़ने से आम आदमी पर बोझ पड़ेगा। पेट्रोल और डीजल की कीमतें पहले ही बढ़ी हुई हैं, जिससे परिवहन और कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। रणनीतिक रूप से यह युद्ध भारत की विदेश नीति को जटिल बना रहा है। भारत ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह परियोजना में निवेश किया है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है, लेकिन युद्ध से यह परियोजना खतरे में आ गई है। वहीं, भारत-अरब-इजराइल-यूरोप गलियारा (आईएमईसी) अब अधिक महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि ईरान की अस्थिरता से चाबहार का विकल्प सीमित हो गया है। रैंड के अर्थशास्त्री रफीक दोसानी कहते हैं कि अगर अमेरिका और इजराइल जीतते हैं, तो आईएमईसी इजराइल की प्राथमिकता बनेगा। इसके अलावा, मध्य पूर्व में रहने वाले लाखों प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। प्रेषण, जो भारत की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, प्रभावित हो सकता है। हाल ही में 'द हिंदू' के एक



**विनीत नारायण**

संपादकीय में कहा गया है कि यह युद्ध भारत पर अपेक्षा से अधिक प्रभाव डालेगा और पड़ोसी क्षेत्र को और जटिल बनाएगा। भारत को अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखते हुए ईरान के साथ संतुलन बनाना होगा, जो एक कूटनीतिक चुनौती है।

यह युद्ध अमेरिका की वैश्विक स्थिति को दोधारी तलवार की तरह प्रभावित कर रहा है। एक ओर, अमे. रिका ने ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमताओं को काफी नुकसान पहुंचाया है, जो उसके सैन्य प्रभुत्व को दर्शाता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि हमलों ने ईरान की नौसेना को 'लड़ाई अक्षम' बना दिया है। लेकिन लंबे समय में, यह युद्ध अमेरिकी संसाधनों को खींच सकता है। चौथम हाउस के विशेषज्ञों के अनुसार, लंबा युद्ध वैश्विक जीडीपी पर सीमित प्रभाव डालेगा, लेकिन उभरती अर्थव्यवस्थाओं को ऊर्जा कीमतों से नुकसान होगा। वैश्विक स्तर पर, यह युद्ध अमेरिका की कूटनीति की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। यूरोप और एशिया में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जैसे एथेंस में हजारों लोगों का अमेरिकी दूतावास की ओर मार्च। चीन और रूस ईरान का समर्थन कर रहे हैं, जो बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। अटलांटिक काउंसिल के विशेषज्ञों का कहना है कि चीन इस संघर्ष से फायदा उठा रहा है, क्योंकि ईरान उसका रणनीतिक साझेदार है। आर्थिक रूप से, अमेरिका ऊर्जा निर्यातक होने से कम प्रभावित है, लेकिन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान से मंदी का खतरा है। जेपी मॉर्गन के अर्थशास्त्री जोसेफ लुप्टन कहते हैं कि यह संघर्ष व्यापार युद्ध पर और दबाव डालेगा। अगर युद्ध क्षेत्रीय हो गया, तो तेल कीमतें 120 डॉलर तक पहुंच सकती हैं, जिससे अमेरिकी विकास दर नकारात्मक हो सकती है। दुनिया भर के अधिकतर जानकारों का यह मत है कि यह युद्ध मुख्य रूप से अमे. रिकी कूटनीति की विफलता है। ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते से बाहर निकालकर दबाव बढ़ाया, लेकिन इससे ईरान की आक्रामकता बढ़ी। तेल और खनिज बाजार पर कब्जे की महत्वाकांक्षा साफ दिखती है, क्योंकि होर्मुज का नियंत्रण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को नियंत्रित करता है, लेकिन यह अहंकारपूर्ण दृष्टिकोण है, क्योंकि हवाई हमले सरकार नहीं गिरा सकते। रक्षा विशेषज्ञ रॉब जॉनसन कहते हैं कि अमेरिका ईरान की वायु रक्षा को नष्ट कर सकता है, लेकिन लंबी अवधि में वैश्विक ऊर्जा स्थिरता प्रभावित होगी। कूटनीतिक विशेषज्ञ जेफरी फेल्टमैन और माइकल ओश्हैनलॉन का मानना है कि इस युद्ध के प्रभाव ईरान, मध्य पूर्व और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ेंगे। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुश्ताक हामी ने होर्मुज को बंद रखने की धमकी दी है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिला सकती है। यह युद्ध न केवल ईरान की संप्रभुता का मुद्दा है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का भी। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करनी चाहिए, जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर ध्यान देना। अमेरिका को वार्ता की ओर लौटना चाहिए, वरना यह संघर्ष विश्व युद्ध का रूप ले सकता है। स्वतंत्र रूप से देखा जय तो, यह युद्ध अनावश्यक है और इससे सभी पक्ष हारेंगे। वैश्विक नेताओं को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि शांति बहाल हो सके।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)



प्रयागराज। एलपीजी खाना पकाने के गैस सिलेंडर को फिर से भरकर ले जाता व्यक्ति।

## इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर किया हमला: IDF

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि दक्षिणी लेबनान के टायर क्षेत्र में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद और इजरायल पर रॉकेट हमले के जवाब में आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला शुरू किया।

# कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी

### ईरान युद्ध-घरेलू आतंकी खतरों पर हो सकते हैं कड़े सवाल, अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिकारी बुधवार से संसद (कांग्रेस) की समितियों के सामने पेश होने जा रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन के ये अधिकारी ईरान के साथ चल रहे युद्ध और अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे। इस सुनवाई के दौरान अधिकारियों को कई संवेदनशील मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

हाउस और सीनेट की खुफिया समितियों के सामने होने वाली यह गवाही मुख्य रूप से युद्ध पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है। इस हमले में 165 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) की पुरानी और गलत जानकारी की वजह से यह

■ इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है



मिसाइल स्कूल पर जा गिरी। डीआईए के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल जेम्स एच. एडम्स से इस बड़ी चूक पर जवाब मांगा जा सरता है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि इस घटना की जांच अभी जारी है। ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी प्रशासन के अंदर भी खींचतान मची है। नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वे इस युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते। केंट के अनुसार, ईरान से अमेरिका को कोई ऐसा खतरा नहीं है जिसके लिए युद्ध किया जाए। नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड और सीआईए के निदेशक जान रैटक्लिफ से ईरान के बारे में हाल ही में मिले खुफिया आकलन (इंटेलिजेंस असेसमेंट) को लेकर भी सवाल पूछे जा सकते हैं। इनमें से एक आकलन में यह कहा गया था कि अमेरिकी हमलों से तेहरान में सत्ता परिवर्तन होने की संभावना कम ही है, जबकि दूसरे आकलन में इस दावे पर ही संदेह जताया गया था कि ईरान पहले हमला करने की तैयारी कर रहा था। संसद में अमेरिका के घरेलू हालातों पर भी चर्चा होगी। हाल के दिनों में मिशिगन के एक यहूदी प्रार्थना स्थल और वर्जीनिया की एक यूनिवर्सिटी में हमले हुए हैं। इसके अलावा, टेक्सास के एक बार में गोलीबारी हुई जहां हमलावर के कपड़ों पर ईरानी झंडा बना था। न्यूयॉर्क में मेयर के घर के बाहर विस्फोटक लाने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा गया है। इन घटनाओं ने देश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एफबीआई के मुखिया काश पटेल की कार्यशैली भी जांच के घेरे में है। उन्होंने पिछले एक साल में कई अनुभवी एजेंटों को नौकरी से निकाल दिया है।

## दक्षिण कोरिया को प्राथमिकता से कच्चा तेल देने पर यूएई सहमत: कांग हून-सिक

**सोल।** द. कोरिया ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से उत्पन्न संकट के बीच संयुक्त अरब अमीरात के साथ 1.8 करोड़ बैरल तेल की प्राथमिक आपूर्ति पर सहमति व्यक्त की है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के प्रमुख सचिव और सामरिक आर्थिक सहयोग के विशेष दूत कांग हून-सिक ने बुधवार को यह जानकारी दी। कांग ने यूएई यात्रा के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम एशिया संकट के बीच व्यावहारिक सहयोग के उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक साझेदारों एवं सहयोगियों के बीच विश्वास को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान दूत ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग का एक व्यक्तिगत पत्र यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को सौंपा।

# ईरान ने अमेरिका-इजरायल को आगाह किया

## नेताओं की हत्या से ईरान की राजनीतिक व्यवस्था कमजोर नहीं होगी: अराघची



■ ईरान संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है, बल्कि शत्रुता के स्थाई अंत की मांग करता है
■ हम संघर्ष विराम नहीं चाहते क्योंकि हम नहीं चाहते कि कुछ समय बाद यही स्थिति फिर उत्पन्न हो: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका और इजरायल इस बात को समझने में नाकाम रहे हैं कि इस्लामी गणराज्य ईरान की राजनीतिक व्यवस्था एक सुदृढ़ ढांचे पर आधारित है, जिसमें स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थान मौजूद हैं और किसी एक नेता की हत्या से इस व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शक्तिशाली सचिव अली लारिजानी की इजरायल द्वारा की गई हत्या से ईरान के नेतृत्व को कोई निर्णायक क्षति नहीं पहुंचेगी। अराघची ने कहा कि व्यक्तियों की क्षति के बावजूद ईरान की शासन व्यवस्था लचीली और मजबूत बनी हुई है, जिसे उन्होंने 'बहुत सुदृढ़' प्रणाली बताया। उन्होंने अल जजीरा को दिए साक्षात्कार में कहा कि किसी एक व्यक्ति की मौजूदगी या अनुपस्थिति से इस ढांचे पर कोई असर नहीं पड़ता। निश्चित रूप से व्यक्तियों का प्रभाव होता है। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था एक बहुत मजबूत संरचना है। यह साक्षात्कार उस समय प्रसारित हुआ जब ईरान ने बुधवार को पहले लारिजानी की मृत्यु की पुष्टि की। अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है, बल्कि शत्रुता के स्थाई अंत की मांग करता है। उन्होंने कहा कि हम संघर्ष विराम नहीं चाहते क्योंकि हम नहीं चाहते कि कुछ समय बाद यही स्थिति फिर उत्पन्न हो। हम चाहते हैं कि युद्ध पूरी तरह और हमेशा के लिए समाप्त हो। हम युद्धविराम में नहीं, बल्कि युद्ध के अंत में विश्वास करते हैं। उन्होंने दोहराया कि यह संघर्ष तेहरान द्वारा शुरू नहीं किया गया और इसके परिणामों के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध हमारा युद्ध नहीं है। हमने इसे शुरू नहीं किया। अमेरिका ने इसे शुरू किया और इसके सभी मानवीय और आर्थिक परिणामों के लिए वही जिम्मेदार है, चाहे वह ईरान, क्षेत्र या पूरे विश्व के लिए हों। अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजरायल अब तक यह स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है और शीर्ष नेतृत्व के नुकसान से शासन व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल हमलों के पहले दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बावजूद व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही और नेतृत्व का तुरंत प्रतिस्थापन कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नेता से अधिक महत्वपूर्ण हमारे पास कोई नहीं था, और जब नेता भी शहीद हो गए, तब भी व्यवस्था चलती रही और तुरंत नया नेतृत्व सामने आ गया।

## ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी की मौत की पुष्टि



**तेहरान।** ईरान ने बुधवार तड़के आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि उसके शीर्ष सुरक्षा अधिकारी और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी की मौत हो गई है। परिषद सचिवालय ने स्थानीय समयानुसार बुधवार तड़के एक बयान जारी कर लारीजानी के मारे जाने की घोषणा की। इस बयान में उन्हें ताउम्र सार्वजनिक सेवा करने वाला बताते हुए 'शहीद' कहा गया है। इससे पहले मंगलवार को इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा था कि उसके हमले में लारीजानी मारे गए हैं लेकिन तब ईरान ने इस पर कोई प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की थी। ईरान परिषद के अनुसार, लारीजानी के साथ उनके बेटे और सुरक्षाकर्मियों सहित कई अन्य लोग भी मारे गए हैं। वक्तव्य में लारीजानी के लंबे राजनीतिक करियर की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक ऐसी शख्सियत बताया गया जिसने जीवन के अंतिम क्षणों तक ईरान की प्रगति और बाहरी खतरों के खिलाफ एकजुटता के लिए काम किया। इससे पहले मंगलवार को ईरान ने अपने अर्धसैनिक बल 'बसिज' के प्रमुख गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने की भी पुष्टि की थी। ईरान ने इसे 'अमेरिकी-जायोनी दुश्मन द्वारा किया गया एक आतंकवादी हमला' करार दिया है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार, लारीजानी और सुलेमानी दोनों का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा।

## जेलेंस्की ने ट्रम्प, स्टारमर से मुलाकात का किया आग्रह

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर से मुलाकात करने और आम सहमति बनाने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने यह आह्वान अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की बार-बार आलोचना करने के बाद की है। स्टारमर के साथ बातचीत करने के बाद बीबीसी को मंगलवार को दिए एक विशेष साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हालांकि वह राष्ट्रपति ट्रम्प को यह नहीं बताएंगे कि उन्हें क्या करना चाहिए लेकिन दोनों नेताओं को संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए मुलाकात करनी चाहिए। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों से भड़की जंग, ट्रम्प द्वारा नाटो सहयोगियों की आलोचना और स्टारमर की कथित सैन्य कार्रवाई की कमी के बाद एक राजनयिक विवाद में तब्दील हो गई है। अपने नवीनतम हमले में, ट्रम्प ने स्टारमर के लिए कहा कि वह विस्टन चर्चिल नहीं हैं और उन्होंने कहा कि हालांकि वह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को एक नेक इंसान मानते हैं लेकिन वह उनसे बहुत निराश हैं। स्टारमर ने दृढ़ता से जवाब देते हुए इस बात पर बल दिया कि ब्रिटेन किसी व्यापक युद्ध में नहीं उलझेगा और उन्होंने अमेरिका-ब्रिटेन के स्थाई संबंधों को दोहराया।

# यूएई ने ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। यूएई के उपप्रधानमंत्री ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक अवसंरचना, हवाई अड्डों, रिहायशी इलाकों और अन्य नागरिक स्थलों को निशाना बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि यूएई देशभर में नागरिकों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की जा रही इस निरंतर वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने जोड़ा कि इन हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कड़ी आलोचना हुई है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित कर ईरान से 'तत्काल और बिना शर्त' ऐसी गतिविधियां रोकने की मांग की है। अब्दुल्ला ने कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए



■ उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला ने कहा: ये क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा आत्मरक्षा के अधिकार के अनुरूप ष्सभी आवश्यक कदम उठाने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति 'गहरी संवेदना और शोक' व्यक्त किया, जिनमें फलस्तीन, पाकिस्तान, बंगलादेश और नेपाल के नागरिक भी शामिल हैं, तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने संबंधित देशों की सरकारों और नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यूएई की सभी नागरिकों, निवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अधिकारी 'किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार' हैं।

## देवी पार्वती का किरदार निभाना बेहद खास रहा: श्रेनु पारिख

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रेनु पारिख का कहना है कि सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' में देवी पार्वती का किरदार निभाना उनके लिए बेहद खास रहा है। सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' के आने वाले एपिसोड्स में कहानी देवी पार्वती और भगवान शिव के दिव्य मिलन की ओर बढ़ती है। सती के बलिदान के बाद पुनर्जन्म लेकर पार्वती महादेव को जागृत करने के संकल्प के साथ तपस्या शुरू करती हैं। महादेव गहरे ध्यान और शोक में लीन रहते हैं, लेकिन पार्वती वर्षों तक कठिन तप और सेवा करती हैं। इस बीच, राक्षस तारकासुर (आमिर दलवी) का अत्याचार ब्रह्मांड को संकट में डाल देता है। कामदेव (करण चौधरी) प्रेमबाण से शिव का ध्यान भंग करने का प्रयास करते हैं, जिससे शिव प्रचंड क्रोध में कामदेव को भस्म कर देते हैं लेकिन पार्वती की अटूट भक्ति धीरे-धीरे शिव के दुख को पिघलाती है और उनके नियति-निर्धारित मिलन की राह बनाती है। यह एक ऐसा क्षण है, जो ब्रह्मांडीय संतुलन को पुन: स्थापित करता है और उस पुत्र के जन्म का मार्ग प्रशस्त करता है, जो तारकासुर का अंत करेगा।

## वेनेजुएला-ईरान के बाद क्यूबा पर हमला कर सकता है अमेरिका

**हवाना।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने ओवल आफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह 'क्यूबा को अपने कब्जे में लेने' का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा कि किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगा, चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है।

अमेरिका के इतिहास में कई राष्ट्रपति क्यूबा के साथ तनावपूर्ण रिश्तों में रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस तरह खुलेतौर पर क्यूबा पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस साल ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को सिर्फ मजाक या अचानक कही गई बात नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे एक संभावित अगला कदम समझा जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध 65 साल से खराब चल रहे हैं। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन में भी कहा

■ ट्रम्प बोले: क्यूबा को हासिल करके रहूंगा 65 साल से दोनों देशों में विवाद



था कि मैं क्यूबा को संभाल रहा हूं जल्द ही हम कोई डील करेंगे या जो करना होगा करेंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी प्राथमिकता पहले ईरान है, उसके बाद क्यूबा। असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया।

# अमेरिकी सेना ने ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

## होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट 5000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का किया उपयोग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन्य बलों ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी।

कमान ने कहा कि कुछ घंटे पहले अमेरिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का सफलतापूर्वक उपयोग किया। कमान के अनुसार कि इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि वाशिंगटन ईरान के खिलाफ अपने हमले समाप्त करने के लिए 'अभी तैयार नहीं' है और यह अभियान अब तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर



■ अमेरिका को 'किसी की मदद की आवश्यकता नहीं' है: ट्रम्प

चुका है। ट्रम्प ने यह भी स्वीकार किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही के लिए संयुक्त एस्कॉर्ट मिशन का उनका प्रस्ताव अधिकांश नाटो देशों और अमेरिकी सहयोगियों ने अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने इस पर निराशा जताते हुए कहा कि अमेरिका को 'किसी की मदद की आवश्यकता नहीं' है। उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया ने भी इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद-बाकर गालिबाफ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य 'युद्ध-पूर्व स्थिति में नहीं लौटेगा कि हालांकि उन्होंने इसके बारे में अधिक विवरण नहीं दिया। जेपी मॉर्गन की एक हालिया रिपोर्ट में विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद हो जाता है तो पश्चिम एशिया के तेल उत्पादक देश अधिकतम 25 दिनों तक ही उत्पादन बनाए रख सकेंगे। सऊदी अरब, इराक, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और स्वयं ईरान अपने कच्चे तेल के निर्यात के लिए इस संकरे मार्ग पर निर्भर हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पिछले सप्ताह अमेरिकी मीडिया से कहा था कि अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगियों के सिवाय अन्य के लिए जलडमरूमध्य अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिए खुला है।

# पाकिस्तान को सस्ता तेल देने को तैयार: रूस

## रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा: वो खुद बात करे, पाक के पास सिर्फ 11 दिन का ऑयल रिजर्व

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा है कि रूस पाकिस्तान को सस्ता तेल देने के लिए तैयार है। लेकिन अभी तक पाकिस्तान की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक मांग नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान खुद पहल करता है, तो रूस उसे कम कीमत पर तेल सप्लाई कर सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल की कीमत करीब 70 से 76 डालर प्रति बैरण्ल है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में यही कीमत 95 से 105 डालर प्रति बैरल के बीच है। वहीं, पाकिस्तान के पेट्रोलियम सचिव ने संसद की एक समिति को बताया कि देश के पास फिलहाल सिर्फ 11 दिन का कच्चा तेल बचा है। वहीं, पेट्रोल 321 पीकेआर (पाकिस्तानी रुपये) और डीजल 335 पीकेआर प्रति लीटर





मिल रहा है। पाकिस्तान को रोजाना लगभग 5 से 6 लाख बैरल कच्चे तेल (क्रूड आयल) की जरूरत पड़ती है। पाकिस्तान सरकार ईरान से बात कर रही है ताकि होर्मुज स्ट्रेट से तेल लाने की इजाजत मिल सके। अगर मंजूरी मिलती है, तो पाकिस्तान के चार जहाज इस रास्ते से तेल ला सकते हैं। साथ ही अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 14 अप्रैल के बाद देश में गैस की भारी कमी हो सकती है, क्योंकि एलएनजी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। पाकिस्तान का करीब 70 प्रतिशत तेल मिडिल ईस्ट से आता है, लेकिन जंग के कारण शिपिंग रूट और सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। तेल की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं। डीजल की कीमत 88 डालर से बढ़कर 187 डालर और पेट्रोल 74 डालर से बढ़कर 130 डालर तक पहुंच गया है। पहले जहां तेल 4-5 दिन में पहुंच जाता था, अब रेड सी के रास्ते आने में करीब 12 दिन लग रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कतर से आने वाली गैस सप्लाई लगभग बंद हो गई है। मार्च में आने वाले 8 एलएनजी कार्गो में से सिर्फ 2 ही पहुंचे, जबकि अप्रैल में भी आधे से ज्यादा कार्गो नहीं पहुंच सकते। ऐसे में गैस की सप्लाई घट सकती है और सरकार घरेलू इस्तेमाल के लिए गैस बचाने पर विचार कर रही है। हालात को संभालने के लिए पाकिस्तानी सरकार ने 23 अरब पाकिस्तानी रुपये की सब्सिडी देने का फैसला किया है, जो मोटरसाइकिल और रिक्शा चलाने वाले करीब 3 करोड़ लोगों को दी जाएगी। यह पैसा सरकार की बचत से दिया जाएगा, जो खर्च कम करने की पालिसी से आया है। सरकार रोजाना तेल के स्टाक पर नजर रख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में अभी तेल की सप्लाई ठीक है और लोगों को बेवजह पेट्रोल जमा करने की जरूरत नहीं है।





